सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। गुरुवार 31 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 309 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



# यूपी में एक नवंबर को प्रदेश में घोषित हुआ सार्वजनिक अवकाश

## पहले खुले थे दफ्तर और माध्यमिक स्कूल



**लखनऊ।** यूपी में एक नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। दिवाली 31 अक्तूबर को है। कुछ जगहों पर एक नवंबर को भी मनाने की बात चल रही है। पहले इस दिन सरकारी कार्यालय खुले हुए थे। आज सरकार ने इसकी घोषणा की है। इस घोषणा के बाद प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यालय और माध्यमिक स्कूल एक नवंबर को बंद हो जाएंगे। सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों को एक तरह से दिवाली का तोहफा मिला है। प्राथमिक स्कूल और निजी स्कूल पहले से ही एक नंवबर को बंद थे।

### पहले थी सिर्फ प्राथमिक स्कूलों में छुट्टी

प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में 30 अक्तूबर से तीन नवंबर तक की छुट्टी घोषित कर दी गई थी। इसमें नरक चर्तुदशी, दीपावली के दो दिन, गोवर्धन पूजा, भैया दूज आदि की छुट्टियां शामिल थीं। वहीं माध्यमिक विद्यालयों में 30-31 अक्तूबर को ही छुट्टी है। एक नवंबर शुक्रवार को विद्यालय खुलने थे और दो को फिर गोवर्धन पूजा की छुट्टी रखी गई थी। इसको लेकर शिक्षकों में नाराजगी थी। सरकार के इस फैसले के बाद प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों की छुट्टियों में एकरुपता हो गई है।

### 31 अक्तूबर को होगी दिवाली

दीपावली 31 अक्तूबर को मनाएं या 1 नवंबर को, इसको लेकर चल रहे भ्रम को प्रमुख ज्योतिषाचार्यों ने दूर किया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 31 अक्तूबर को दीपावली मनाना उत्तम होगा। 31 को सूर्यास्त के डेढ़ घंटे बाद लक्ष्मी और गणेश पूजा का मुहूर्त शुरू होगा। विशेष मुहूर्त शाम 6:48 से 8:18 बजे के बीच। सूर्यास्त के बाद पूरी रात पूजन के लिए अच्छा समय रहेगा।

दीपावली के मुहूर्त को लेकर फैले भ्रम को दूर करने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्यों की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों और नेपाल के प्रमुख ज्योतिषाचार्यों की मंगलवार को ऑनलाइन बैठक हुई। करीब ढाई घंटे तक यह बैठक चली। लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि धर्मशास्त्र निर्णय सिंधु में रजनी शब्द का इस्तेमाल हुआ है। इस शब्द के अर्थ को लेकर भ्रम के चलते कुछ विद्वानों ने एक नवंबर को दीपावली का निर्धारण किया है, जो गलत है।

प्रो. झा के मुताबिक रात के आदि और अंत के डेढ़-डेढ़ घंटे को छोड़कर रजनी काल होता है। यानी बीच के नौ घंटे का समय ही रजनी काल कहलाता है। इसलिए दीपावली 31 अक्तूबर को मनाना उत्तम रहेगा। ऑनलाइन बैठक में दरभंगा से प्रो. शिवाकांत झा, लखनऊ से प्रो. मदनमोहन पाठक, तिरुपति से प्रो. श्रीपाद भट्ट, नागपुर से प्रो. कृष्णकांत पांडेय, कर्नाटक से प्रो. हंसधर झा आदि शामिल रहे।

# दिल्ली में आयुष्मान योजना पर आपबोली- ये पीएम मोदी का सबसे बड़ा घोटाला है, हाईकोर्ट पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लेकर भापजा और दिल्ली सरकार आमने-सामने आ गई हैं। आम आदमी पार्टी ने आयुष्मान भारत योजना को एक घोटाला बताया है। वहीं, भाजपा इस मामले को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गई है। राजधानी दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लेकर सियासी जंग छिड़ गई है। आम आदमी पार्टी ने आयुष्मान योजना को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है।

आम आदमी पार्टी ने इस योजना को पीएम मोदी का सबसे बड़ा घोटाला बताया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में बहुत सारे घोटाले हैं। वहीं आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के नाम पर देश के आगे ऐसा स्कैम पेश किया है जिसकी जांच कैग को करनी पड़ी। जिसमें पता चला कि कैसे मृतक और नकली मरीजों के नाम पर भाजपाई अपनी जेब भर रहे थे। उधर, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि राजधानी में आयुष्मान भारत स्कीम को लागू करवाने के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई है।

### आयुष्मान भारत योजना में बहुत सारे घोटाले : अरविंद केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरा नहीं ये तो कैग का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में बहुत सारे घोटाले हैं। इस योजना में इलाज तब होगा जब मरीज भर्ती होगा लेकिन दिल्ली में भर्ती होने, ना होने की कोई शर्त नहीं है। पांच रुपए की दवाई से लेकर एक करोड़ तक का ऑपरेशन सब कुछ मुफ्त है। जब दिल्ली में दवाई, टेस्ट, इलाज सब कुछ फ्री है तो फिर यहां आयुष्मान भारत योजना की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी को दिल्ली की योजना का अध्ययन कर के पूरे देश में लागू करना चाहिए।



प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हेल्थ इस देश का सबसे जरूरी मुद्दा है और हम इसके लिए संवेदनशील हैं इसलिए दिल्ली में हेल्थ पर कुल बजट का 16% खर्च करते हैं। पीएम मोदी को 'आयुष्मान भारत योजना' का स्कैम छोड़कर दिल्ली की हेल्थ पोलिसी का अध्ययन करना चाहिए और पूरे देश में इसे लागू करना चाहिए। आयुष्मान भारत योजना में मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है लेकिन दिल्ली में ऐसी कोई बाध्यता नहीं। एक मजदूर के पैर पर ईंट गिर गई तो वो अपना इलाज आयुष्मान भारत योजना से नहीं करवा सकता। लेकिन दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक में जाकर वो जब मर्जी अपना इलाज मुफ्त में करवा सकता है।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग के विस्तृत जवाब के बाद अब कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहला मौका है, जब चुनाव आयोग की तरफ से इतना विस्तृत जवाब आया होगा। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरीके से बेनकाब हो चुकी है। कांग्रेस को लोकतंत्र की किसी भी व्यवस्था में आस्था नहीं है और ये भारत की व्यवस्थाओं को कमजोर करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। उन्होंने देशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली की पूर्व संध्या पर भाजपा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। ये दीपावली अद्भुत दीपावली है, यह हम सबके जीवन की पहली दीपावली है, जब भगवान श्री रामलला भव्यता और दिव्यता के साथ राम मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। लेकिन, राम मंदिर का विरोध करने वाले लोगों के मन का अहंकार और अंधेरा इस प्रकाश पर्व में भी दूर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका, सेना और मीडिया सहित हर संस्था पर सवाल उठाया। यह हास्यास्पद नहीं, अब संदेहास्पद लगता है। लगातार चुनाव हारने के बावजूद भी उनके मन से सत्ता का मोह नहीं जा रहा है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आधारहीन और अनर्गल आरोपों का विस्तृत जवाब दिया है। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए 1,642 पेजों के विस्तृत जवाब के बाद अब कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ईवीएम जम्मू कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सही काम करती है। लेकिन, जैसे ही वह हारते हैं, वहां सवाल उठाना शुरू कर देते हैं। ऐसे विचारों से देश की जनता को सावधान और सतर्क रहने की आवश्यकता है। अब इस तरह के आरोपों को बचकाने आरोप कहकर हंसी में नहीं उड़ाया जा सकता, क्योंकि लगातार लगाए जा रहे आरोप संदेहास्पद हैं, इसके पीछे उद्देश्य है और यह एक बड़े डिजाइन का हिस्सा है। वे देश की जनता से अनुरोध करना चाहते हैं कि इस दीपोत्सव, प्रकाश के पर्व पर अंधकार फैलाने वालों से सावधान रहें। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी के अनऑफिशियल वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अनऑफिशियल सांसद का बयान देने वाले, 10 वर्षों तक अनऑफिशियल प्रधानमंत्री देने वाले और जिनके बारे में कहा जाता है कि वह अनऑफिशियल पार्टी के अध्यक्ष भी हैं, ऐसे नेता जो अपनी ही पार्टी के संविधान को नहीं मानते हैं, वह देश के संविधान की बात करते हैं। वास्तव में इन्हीं लोगों की वजह से लोकतंत्र खतरे में है।



# पटाखों से प्रदूषण होता है, दिये जलाएं, इसमें कोई हिंदू-मुस्लिम की बात नहीं: अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में दीपावली पर्व के मौके पर पटाखों पर बैन लगाया गया है। पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह तो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी कहा है कि प्रदूषण के मद्देनजर हमें पटाखों के बदले दिये जलाना चाहिए, यह रोशनी का त्योहार है। दिये और मोमबत्ती जलाकर अपना त्योहार बनाएं ना कि पटाखे जलाएं। पटाखे जलाने से प्रदूषण होता है।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम किसी पर एहसान कर रहे हैं, हम अपने ऊपर भी एहसान कर रहे हैं। जो प्रदूषण होगा उसे हम और हमारे छोटे-छोटे बच्चे ही भुगतेंगे। इसमें कोई हिंदू या मुसलमान नहीं है, सबकी सांसें जरूरी है, सबकी जिंदगी जरूरी है।

बता दें कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक दिन पहले कहा था कि दिल्ली में छापों के दौरान 19,005 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए। उल्लंघनकताओं के खिलाफ अब तक 79 केस दर्ज किए जा चुके हैं। गोपाल राय ने दीपावली से पहले उठाए गए प्रदूषण रोधी कदमों की समीक्षा के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और पुलिस के साथ बैठक के दौरान कहा था कि 377 टीम को दिल्ली में पटाखों पर रोक लगाने के लिए तैनात किया गया है।

बता दें कि बुधवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह 7:30 बजे तक औसत एक्यूआई 273 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 273 और गुड़गांव में 197 और गाजियाबाद में 213, ग्रेटर नोएडा और नोएडा में 199 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# पुष्पक विमान से उतरे राम-लक्ष्मण मुख्यमंत्री योगी ने की अगवानी



**अयोध्या।** दीपोत्सव में भाग लेने अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजा राम और लक्ष्मण को लेकर मंच की तरफ बढ़े। इसके पहले उनका तिलक और आरती की गई। पुष्पक विमान से उतरकर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीताजी राम दरबार तक आने के लिए रथ पर सवार हुए तो इस रथ को स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने खींचा। इसके बाद सहयोग के लिए उनके मंत्रीगण सूर्यप्रताप शाही व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी साथ आ गए। भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य कर रहे हैं। रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां सड़कों पर निकाली जा रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। राम मंदिर में खास रंगोली बनाई गई, जिसमें रंग नहीं, बल्कि फूलों का इस्तेमाल हुआ है। तोरण द्वार बने हैं। शोभायात्रा में साकेत महाविद्यालय के छात्रों ने पुत्रेष्टि यज्ञ से लेकर श्रीराम के राजतिलक तक के विभिन्न प्रसंगों को बड़े ही सुंदर ढंग से झांकियों के रूप में प्रस्तुत किया। इन झांकियों में न केवल श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण अध्यायों का दर्शन कराया जा रहा है, बल्कि इनमें शामिल कलाकारों के अभिनय ने दृश्य को और भी जीवंत बना दिया है। पर्यटन विभाग द्वारा सजाई गई झांकियों में तुलसीदास रचित रामचरितमानस के सात अध्यायों, बालकांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड, सुंदर कांड, लंका कांड और उत्तर कांड, पर आधारित सुंदर दृश्य प्रस्तुत किए गए हैं।

# सपा के नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकन, एमवीए में मिली थीं सिर्फ दो सीटें



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि महाविकास अघाड़ी में सपा को सिर्फ दो सीटें देने पर सहमति बनी थी। ऐसे में अब माना जा रहा है कई सीटों पर दोस्ताना मुकाबला देखने को मिलेगा। सपा ने मानखुर्द शिवाजी नगर (मुंबई) से अबू आसिम आजमी, भिवंडी पूर्व (जिला ठाणे) से रईस शेख, मालेगांव मध्य (नासिक) से निहाल अहमद, धुले शहर से इरशाद जागीरदार, भिवंडी पश्चिम (ठाणे) से रियाज आजमी, तुलजापुर से देवानंद साहेबराव, परांडा से रेवण विश्वनाथ भोसले, औरंगाबाद पूर्व से अब्दुल गफार कादरी सैयद और भायखला (मुंबई) से सईद खान को मैदान में उतारा है। सपा के नौ उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के बाद महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी की टेंशन बढ़ गई है। इन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले की बात कही जा रही है। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि समाजवादी पार्टी के कुछ उम्मीदवार बाद में अपना नाम वापस ले सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के लगभग आठ हजार प्रत्याशियों ने 288 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल किया है। नामांकन की प्रक्रिया 22 अक्टूबर से शुरू हुई थी। मंगलवार को नामांकन भरने का अंतिम दिन था। आज नामांकन पत्रों की जांच हुई और 4 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। बता दें कि विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने हाल ही में सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दिया था। इसके तहत गठबंधन के तीन प्रमुख दलों कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के बीच 288 विधानसभा सीटों में 255 सीटें निर्धारित की गई थीं। इसके अलावा सपा सहित दूसरे सहयोगी दलों के लिए भी कुछ सीटें छोड़ी गई थीं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे।

### बिहार में राजमार्गों पर लोगों को मिलेगी सुरक्षा और सुविधा



**पटना।** बिहार की सड़कों पर यात्रियों को न केवल सुरक्षा मिलेगी बल्कि दुर्घटना होने पर तत्काल लोगों को सुविधा भी मिल सकेगी। बिहार सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर दीपावली के पूर्व प्रदेश के लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। सड़कों पर सुरक्षा दुरुस्त करने के अभियान को बढ़ाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी वाहन प्रदेश के सभी जिलों में गश्त करेंगे। इस दौरान पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने मुख्यमंत्री का हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजमार्ग गश्ती वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षा प्रदान करना सबका दायित्व है। जागरुकता और जवाबदेही का पालन जरूरी है। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि यह वाहन आधुनिक तकनीकी सुविधा से लैस है। राष्ट्रीय राजमार्ग गश्ती वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम को डायल-112 के संबद्ध किया गया है।

# शराबी पति के जुए की लत से परेशान महिला बच्चों संग कुएं में कूदी

## दो मासूमों की मौत, मां की जान बची



**मध्यप्रदेश।** छतरपुर के ग्राम भभुआ में रहने वाले अनिल पाल और उसकी पत्नी रामकली के बीच अक्सर विवाद होता था। अनिल शराबी है और जुआ खेलने का आदी है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आई महिला डेढ़ साल की बेटी व डेढ़ महीने के बच्चे को साथ लेकर कुएं में कूद गई। हादसे में दोनों बच्चों की मौत हो गई। छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भभुआ से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। पति की शराबखोरी और जुए की आदत से परेशान एक महिला ने मंगलवार को अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इस दुखद घटना में दोनों बच्चों की जान चली गई, जबकि महिला को बचा लिया गया है।

### घटना का विवरण

सूत्रों के अनुसार, ग्राम भभुआ निवासी अनिल पाल और उसकी पत्नी रामकली के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया गया है कि अनिल शराब का आदी है और जुए की लत में फंसा हुआ है। अनिल की इन आदतों से रामकली परेशान रहती थी। मंगलवार को भी इसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखा विवाद हुआ। तनाव से आहत होकर रामकली अपनी डेढ़ साल की बेटी और डेढ़ महीने के बेटे को लेकर कुएं में कूद गई। कुएं के पास से गुजर रहे कुछ लोगों ने महिला को कुएं में छलांग लगाते देखा और तुरंत बचाव का प्रयास किया। राजनगर थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा मौके पर पहुंचे और तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। महिला को कुएं

# सीएम धामी के निर्देश...हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद खरीदेंगे सभी सरकारी विभाग



**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से बुधवार को सभी विभागों ओर कार्यालयों प्रमुखों को पत्र लिखकर विभिन्न विभागीय और कार्यालय की बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों और होली, दिवाली जैसे मुख्य त्योहारों के मौके पर हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने को कहा गया है। सीएम धामी के निर्देश के बाद अब प्रदेश सरकार के अधीन सभी विभाग और कार्यालयों की बैठकों, आयोजनों के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद खरीदे जाएंगे। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखंड के महिला स्वयं सहायता समूहों, किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का कॉमन ब्रांड है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ है। सचिव राधिका झा के मुताबिक, ग्राम्य विकास विभाग के अधीन संचालित हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड अपने गुणवत्ता को लेकर भी कम समय में पहचान बनाने में कामयाब रहा है। हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद ई कॉमर्स पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से बुधवार को सभी विभागों ओर कार्यालयों प्रमुखों को पत्र लिखकर विभिन्न विभागीय और कार्यालय की बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों और होली, दिवाली जैसे मुख्य त्योहारों के मौके पर हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने को कहा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी में तेजी आने की उम्मीद है। पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल मंत्र से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश सरकार हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने ब्रांड के गुणवत्ता युक्त उत्पाद, दिवाली जैसे बड़े अवसर के लिए गिफ्ट पैक के रूप में भी उपलब्ध हैं। सभी राज्यवासी इन उत्पादों को खरीद कर अपने प्रदेश के ग्रामीण उद्यमियों की आजीविका बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

# महा विकास अघाड़ी में जब तक मतभेद खत्म होगा तब तक चुनाव निपट जाएंगे : मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। महा विकास अघाड़ी में सीटों के खींचतान को लेकर मची तकरार पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि उनके बीच जितने छेद हैं, उतने ही मतभेद भी हैं। मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, ₹महा विकास अघाड़ी में जितने छेद हैं, उससे ज्यादा उनके सहयोगियों में मतभेद हैं। अब अघाड़ी में छेद और उनके खिलाड़ियों में मतभेद हैं तो पहले उन्हें छेद को रफू करना चाहिए और फिर उन्हें मतभेद को रफूचक्कर करना चाहिए। छेद को रफू करने और मतभेद को खत्म करने में चुनाव भी निपट जाएगा और अघाड़ी भी निपट जाएगी। यह बात हम अच्छी तरह से जानते हैं। उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली कांग्रेस की हार के बाद भी जारी मतभेदों को लेकर उन पर तंज कसा। उन्होंने कहा, ₹कांग्रेस की स्थिति यह है कि उनकी धरती बंजर है, लेकिन अभी भी उनके हाथ में धूर्तता का खंजर है, अगर धरती बंजर हो और धूर्तता का खंजर लेकर कोई चतुराई करेगा तो वह अपने ही चक्रव्यूह में फंस जाएगा। कांग्रेस को इस बात की समझ होनी चाहिए कि बिना जनाधार के जागीरदारी और बिना जमीन के जमींदारी नहीं होती है, लेकिन कांग्रेस को लगता है कि जो उनकी सामंती सोच है, जब जनादेश जनता नहीं देगी तो आप या तो ईवीएम की बुराई करना शुरू कर देंगे या फिर चुनाव आयोग पर हमले शुरू कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस यह बताने की कोशिश करेगी कि जनता ने हमें नहीं हराया बल्कि चुनाव आयोग ने या ईवीएम ने उन्हें हराया है। इस तरह की बेवकूफियों ने ही उनका बंटाधार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।



सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
दैनिक करंट क्राइम
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 31 अक्टूबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# अयोध्या के दीपोत्सव के नाम दो-दो विश्व रिकॉर्ड
## 25 लाख से ज्यादा दीये जलाकर तोड़ा अपना ही कीर्तिमान

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की अयोध्या में बुधवार को भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 25 लाख 12 हजार 585 दीप जलाकर नया रेकॉर्ड कायम किया गया। इसके अलावा 1121 लोगों ने एक साथ आरती में हिस्सा लेकर दूसरा रेकॉर्ड भी कायम किया गया। दीपोत्सव के लिए 6 बजकर पांच मिनट पर दीप जलाने का समय निर्धारित किया गया था। मंच से आदेश होने के बाद स्वयंसेवकों ने निर्धारित 25 मिनट के समयांतराल में 28 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर दिए। इसके बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स की तरफ से दीयों की गिनती की गई। घाट संख्या 1 से 55 तक जले दीयों की संख्या ड्रोन से 28 लाख से ज्यादा गिनी गई। इसके बाद गिनीज बुक की ओर से योगी आदित्यनाथ को वर्ल्ड रेकॉर्ड का सर्टिफिकेट सौंपा गया।

गिनीज बुक के अधिकारी ने बताया कि हम अयोध्या में आकर खुश हैं। दो विश्व रेकॉर्ड की घोषणा करते हैं।

पहला रेकॉर्ड है कि सरयू किनारे सबसे ज्यादा लोगों ने आरती में एक साथ हिस्सा लिया। सरयू के किनारे 1 हजार 121 लोगों ने एक साथ आरती में भाग लिया। दीपोत्सव के नाम 22 लाख से ज्यादा दीये जलाने का मौजूदा रेकॉर्ड है लेकिन इस बार इसे तोड़ते हुए 25 लाख दीये सरयू




के किनारे जलाए गए।

### दीपोत्सव का आयोजन

सरयू के तट पर बीते कई सालों से दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें योगी आदित्यनाथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहते हैं। इस बार भी योगी ने न सिर्फ भगवान राम का स्वागत किया बल्कि उनके रथ को भी खींचा। दीप जलने से पहले अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विरासत और विकास का काम जो शुरू हुआ है, वो यूपी में रुकने नहीं पाएगा। उन्होंने महाकुंभ 2025 के लिए अयोध्या धाम को तैयार रहने को भी कहा।

### योगी ने दिया संबोधन

बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भव्य दीपोत्सव समारोह से पहले अयोध्या पहुंचे। श्री राम, सीता और लक्ष्मण का स्वागत किया। नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम नगरी में पहली बार दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम के सीता और लक्ष्मण हनुमान और अन्य लोगों के साथ 'पुष्पक विमान' (हेलीकॉप्टर) से अयोध्या पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने उनका स्वागत किया। भगवान राम के रथ को मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने राम दरबार स्थल तक खींचकर पहुंचाया। आदित्यनाथ ने बाद में उनकी आरती उतारी।



### दीपोत्सव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी ने मुलाकात की। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग और मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी ने एक दूसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी।

### निमंत्रण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद वीरेंद्र त्यागी के सुपुत्र डॉक्टर शिवम त्यागी का शुभ विवाह डॉक्टर फाल्गुनी त्यागी के साथ होना है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को विवाह समारोह में शामिल होने का निमंत्रण देने के लिए पार्षद वीरेंद्र त्यागी के साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तथा पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भी गए। दिल्ली आवास पर इस मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने महर्षि दयानंद विद्यापीठ की शिक्षिका द्वारा बनाई गई एक पेंटिंग भी जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को भेंट की।

# विधानसभा उपचुनाव : एक ही ईवीएम पर हो जाएगा चुनाव
## शहर सीट-56 पर 14 प्रत्याशियों के बीच होगी चुनावी टक्कर




### प्रत्याशियों को आवंटित किए गए चुनाव चिह्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव में 14 उम्मीदवार शेष हैं। जिनके बीच चुनावी जंग होगी। बुधवार 30 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया के बाद नाम वापसी लेने का आखिरी दिन था और आखिरी दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। वहीं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष उपाध्याय ने बताया है कि विधानसभा उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार हैं जिन्हें बुधवार को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं।

### 13 नवंबर को होगा मतदान और 23 को आएंगे परिणाम

करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर मतदान 13 नवंबर को होगा और उपचुनाव के मतदान का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा। बता दें कि शहर सीट गाजियाबाद-56 पर होने वाले उपचुनाव में कुल 4 लाख, 61 हजार, 360 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करते हुए शहर सीट-56 के विधानसभा उपचुनाव में विधायक चुनने का काम करेंगे।

### अब एक ही ईवीएम में हो जाएगा पूरा उपचुनाव

करंट क्राइम : विधानसभा उपचुनाव की शहर सीट गाजियाबाद-56 पर कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। उनके नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांच लोगों के पर्चे खारिज कर दिए गए हैं। अब विधानसभा उपचुनाव की इस रणभूमि में 14 नाम शेष है। देखना होगा कि 30 अक्टूबर तक नाम वापसी का अंतिम दिन है। बचे हुए नाम में से कौन चुनाव से पैर पीछे खींचता है, अगर इनमें से किसी और उम्मीदवार ने अपना पर्चा वापस लिया तो चुनावी रण में उतरने वाले चेहरों की संख्या 14 से भी कम जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एक ईवीएम के अंतर्गत अधिकतम 14 लोगों के नाम ही दर्ज होते हैं। इस वजह से अब प्रशासन की डबल ईवीएम वाली परेशानी का अपने आप ही सॉल्यूशन निकल गया है।

### किसी को मिला ऑटो रिक्शा तो किसी को प्रेशर कूकर

| नाम | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| - परमानंद गर्ग | बहुजन समाज पार्टी | हाथी |
| - संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी | कमल |
| - सिंहराज जाटव | समाजवादी पार्टी | साइकिल |
| - गयादीन अहीरवार | राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी | सिलाई मशीन |
| - धर्मेन्द्र सिंह | राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) | चारपाई |
| - पवन | सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी | सोफा |
| - पूनम | हिन्दुस्थान निर्माण दल | पानी का टैंक |
| - रवि गौतम | ऑल इंडिया मजलिश-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | पतंग |
| - रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) | अलमारी |
| - सत्यपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | केतली |
| -मिथुन जायसवाल | निर्दलीय | कम्प्यूटर |
| - रूपश चन्द्र | निर्दलीय | ऑटो रिक्शा |
| - विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय | प्रेशर कूकर |
| - शमशेर राणा | निर्दलीय | गैस सिलेन्डर |

# नगर निगम ने दीपावली पर शहर को किया रोशनी से जगमग
## प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगाई गई रंगीन लाइटें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम जहां स्मार्ट सिटी और स्वच्छता अभियान को चलाता है। तो वहीं त्योहारों पर शहर को अलग रंग और थीम देने का भी काम कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर शहर के नगर निगम क्षेत्र में आने वाले प्रमुख चौराहों, बाजारों, मुख्य मार्गों और एलिवेटेड रोड से लेकर हापुड़ चुंगी मार्ग को रंग बिरंगी थीम से सजाया जा रहा है।

दीपावली के पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश था कि प्रमुख शहरों में विशेष सजावट एवं सज्जा की जाए। जगह-जगह रोशनी फैलाई जाए ताकि दीपोत्सव का नजारा दूर से ही नजर आए। इसी कड़ी में नगर निगम गाजियाबाद द्वारा शहर में तमाम जगह रंग-बिरंगी लाइटिंग कराई जा रही है। साथ ही कई स्थानों पर रंगोली से सजावट भी तैयार हो गई है।

# पुलिस के अधिकारियों पर बढ़ रहा है कार्रवाई का दबाव
## बार काउंसिल ने पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई

### पुलिस ने दर्ज किए दो मुकदमे, लखनऊ से अधिकारी सीधे ले रहे हैं संज्ञान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किए जाने और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने को लेकर अधिवक्ता हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों और जिला जज के तबादले की मांग उठाई है। लाठीचार्ज से नाराज वकीलों ने बार सभागार में बैठक कर कहा कि जिला जज ने अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। पुलिस फोर्स बुलाकर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कराया। इसमें कई अधिवक्ता घायल हुए हैं। वहीं उप्र बार काउंसिल ने मंगलवार को घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई है। कहा है कि दोषी पुलिस व न्यायिक अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। कौंसिल ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ की ओर से जारी विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट या उप्र बार काउंसिल के संज्ञान बिना ही पुलिस व आरएएफ बुलाकर लाठीचार्ज करा दिया गया। जांच समिति में पूर्व में अध्यक्ष रह चुके व वर्तमान में सदस्य रोहिताश्व कुमार अग्रवाल, मधुसूदन त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी, अजय यादव व प्रशांत सिंह अटल शामिल हैं। समिति से यथाशीघ्र आख्या बार कौंसिल को देने की अपेक्षा की गई है। इस प्रकरण पर बार कौंसिल ने बुधवार सायं चार बजे आपात बैठक भी आहूत की है।

### 50 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

करंट क्राइम : तबादला होने तक अधिवक्ता कचहरी में हड़ताल पर रहेंगे। इधर पूरे मामले में कविनगर थाने में दो मुकदमे दर्ज किए हैं। कोर्ट नाजिर संजीव गुप्ता की शिकायत पर कविनगर थाने में अधिवक्ता नाहर सिंह यादव, उनके पुत्र अभिषेक यादव, अधिवक्ता दिनेश यादव समेत करीब 40-50 अज्ञात लोगों पर तीन न्यायालय कक्ष की खिड़कियों के शीशे तोड़ने, सीसीटीवी कैमरे तोड़ने और डीवीआर तोड़ने समेत कचहरी पुलिस चौकी में आग लगाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कचहरी में हो सकती है लंबी हड़ताल

करंट क्राइम : उधर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हुई पुलिस की कार्रवाई को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन इस घटना पर नाराजगी व्यक्त कर चुकी है। मेरठ अलीगढ़ में प्रदर्शन हुए हैं। इसके साथ ही लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के विरुद्धात्मक कार्रवाई की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध प्रखर आंदोलन किया जाएगा। इस बीच बार गाजियाबाद ने एक बैठक भी बुलाई है। जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### बार एसोसिएशन ने की आर्थिक मदद की मांग

**करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन जिला जज का तत्काल प्रभाव से तबादला और घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रुपये की सहायता की मांग करती है। अधिवक्ताओं ने लाठीचार्ज में शामिल पुलिस अधिकारियों के तबादले की भी मांग की है।

# आरबीआई ने विदेश में रखा 102 टन सोना भारत मंगवाया



**नई दिल्ली।** आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2024 के अंत में 8.15 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 के अंत में लगभग 9.32 प्रतिशत हो गया। मार्च 2024 तक, आरबीआई के पास 822.10 टन सोना था। जिसमें 408.31 टन घरेलू स्तर पर, 387.26 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था, जबकि 26.53 टन सोना जमा के रूप मौजूद था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मार्च और सितंबर 2024 के बीच बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स में सुरक्षित रखा गया 102 टन सोना देश में वापस मंगा लिया है। आरबीआई के पास मौजूद कुल 854.73 टन सोने के भंडार का 60 प्रतिशत हिस्सा देश में है। बैंकिंग नियामक ने मंगलवार को बताया कि सितंबर 2024 के अंत में उसके पास 854.73 टन सोना था, जिसमें से 510.46 टन सोना घरेलू स्तर पर यानी देश में है। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास 324.01 टन सोना सुरक्षित रखा गया था, जबकि 20.26 टन सोना जमा के रूप में रखा गया था। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2024 के अंत में 8.15 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 के अंत में लगभग 9.32 प्रतिशत हो गया। मार्च 2024 तक, आरबीआई के पास 822.10 टन सोना था। जिसमें 408.31 टन घरेलू स्तर पर, 387.26 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था, जबकि 26.53 टन सोना जमा के रूप मौजूद था। इस साल की शुरूआत में आरबीआई ने बैंक ऑफ इंग्लैंड से 100 टन सोना वापस मंगाया, जो 1991 में पैसे जुटाने के लिए सोना गिरवी रखने के बाद भारत में सोना वापस लाने का पहला बड़ा कदम था। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी विदेशी मुद्रा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2024 के अंत तक 646.42 बिलियन डॉलर से बढ़कर सितंबर 2024 तक 705.78 बिलियन डॉलर हो गया है। आरबीआई ने विदेश में रखा 102 टन सोना भारत मंगवाया, रिपोर्ट में दी गई यह जानकारी आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2024 के अंत में 8.15 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 के अंत में लगभग 9.32 प्रतिशत हो गया। मार्च 2024 तक, आरबीआई के पास 822.10 टन सोना था। जिसमें 408.31 टन घरेलू स्तर पर, 387.26 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था, जबकि 26.53 टन सोना जमा के रूप मौजूद था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मार्च और सितंबर 2024 के बीच बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स में सुरक्षित रखा गया 102 टन सोना देश में वापस मंगा लिया है। आरबीआई के पास मौजूद कुल 854.73 टन सोने के भंडार का 60 प्रतिशत हिस्सा देश में है। बैंकिंग नियामक ने मंगलवार को बताया कि सितंबर 2024 के अंत में उसके पास 854.73 टन सोना था, जिसमें से 510.46 टन सोना घरेलू स्तर पर यानी देश में है। बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास 324.01 टन सोना सुरक्षित रखा गया था, जबकि 20.26 टन सोना जमा के रूप में रखा गया था।

आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च 2024 के अंत में 8.15 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 के अंत में लगभग 9.32 प्रतिशत हो गया। मार्च 2024 तक, आरबीआई के पास 822.10 टन सोना था। जिसमें 408.31 टन घरेलू स्तर पर, 387.26 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था, जबकि 26.53 टन सोना जमा के रूप मौजूद था। इस साल की शुरूआत में आरबीआई ने बैंक ऑफ इंग्लैंड से 100 टन सोना वापस मंगाया, जो 1991 में पैसे जुटाने के लिए सोना गिरवी रखने के बाद भारत में सोना वापस लाने का पहला बड़ा कदम था। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी विदेशी मुद्रा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2024 के अंत तक 646.42 बिलियन डॉलर से बढ़कर सितंबर 2024 तक 705.78 बिलियन डॉलर हो गया है।

## संपादकीय

### दुष्प्रभाव की जानकारी

दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देने की जिम्मेदारी चिकित्सकों की नहीं है. दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक हालिया फैसले में कहा है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1945 के अनुसार प्रावधान है कि दवा निमार्ता और उसके एजेंट दवा के साथ उसके साइड इफेक्ट्स की जानकारी मुहैया करायेंगे. फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशंस, 2015 के तहत यह नियमन किया गया है कि दवाओं के दुष्प्रभाव के रोगी को बताना दवा विक्रेता की जिम्मेदारी भी है।

अदालत का यह फैसला एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए आया है, जिसमें यह मांग की गयी थी कि चिकित्सकों को अलग पर्ची पर क्षेत्रीय भाषा में लिखकर मरीजों को दवाओं के दुष्प्रभाव की जानकारी देने का प्रावधान होना चाहिए. याचिका में यह भी कहा गया था कि रोगी दवा के डिब्बे में उपलब्ध करायी गयी पर्ची पर ध्यान नहीं देते. न्यायालय ने कहा कि यह कानून विधायिका द्वारा बनाया गया है और इसमें जानकारी देने के लिए दवा निमार्ता और विक्रेता को जिम्मेदारी दी गयी है. इस प्रावधान में बदलाव करने का कोई निर्णय देना न्यायपालिका द्वारा कानून बनाने जैसा होगा।

उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुसार कानून बनाने या मौजूदा कानून में संशोधन का अधिकार केवल विधायिका यानी संसद के दोनों सदनों, विधानसभाओं तथा विधान परिषदों को है. दवा के दुष्प्रभावों की बात करें, तो यह एक गंभीर समस्या है और सभी पक्षों को इस पर समुचित ध्यान देना चाहिए. यदि आवश्यक हो, तो कानूनी प्रावधानों में संशोधन किया जाना चाहिए. वैसे अनेक अस्पतालों में, खासकर बड़ी बीमारियों के मामलों में, डॉक्टर मरीज की एलर्जी और अन्य स्थितियों की जांच कराते हैं या रोगी से पूछते हैं। इस आधार पर वे दवाएं लिखते हैं. यदि रोगी को कुछ दिन में दवाओं से परेशानी हो रही हो, तो उसे तुरंत अपने चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए. निश्चित रूप से रोगी को अधिकाधिक सूचना उपलब्ध कराना अच्छी बात है तथा इसके लिए समुचित नियमन एवं व्यवस्था करना भी आवश्यक है, परंतु इसके साथ यह भी जरूरी है कि लोगों में जागरूकता बढ़े. रोगियों एवं उनके परिजनों को दवा के साथ मिली जानकारी को ठीक से पढ़ना चाहिए और कोई संशय हो, तो चिकित्सक से पूछना चाहिए। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आम तौर पर अधिकतर लोग बैंक, बीमा, निवेश के बारे में जानकारियों की पर्ची को ठीक से नहीं पढ़ते हैं. कोई समस्या आने पर उन्हें पता चलता है कि यह तो पर्ची में लिखा हुआ था. सामानों के साथ आने वाले दस्तावेजों पर भी अमूमन ध्यान नहीं दिया जाता है. मरीज के हित पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं. पर नयी चुनौतियां भी आती रहती हैं, जिनके समाधान के प्रास होते रहने चाहिए।

## दीपावली

प्रस्तुति करंट क्राइम

डॉ रंजना पांडेय




इस दीपक को देखकर
यही विचार आता है,
आभार उस कुम्हार को,
जिसने अपने श्रम से गीली मिट्टी को दीप का आकार दिया!
आभार उस किसान को जिसने अपने श्रम से उगाया है कपास!
और बन गया दीपक का बात,
आभार उस कोल्हू को जिसके श्रम से निकला बीज से तेल,
और जल उठा हम सबका दीप!

दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। इस दिन श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद रावण को हराकर अयोध्या लौटे थे। अयोध्या के नागरिकों ने अपने घरों और पूरे शहर को दीपों से सजाया। तब से, दिवाली दीये जलाने और पटाखे फोड़ कर मनाई जाने लगी। दिवाली मनाने का एक और कारण यह है कि यह भारत के कई हिस्सों में नए साल की शुरूआत मानी जाती है। दिवाली उत्सव देवी लक्ष्मी की मुक्ति का भी प्रतीक है, जिन्हें राजा बलि ने कैद कर लिया था। भगवान विष्णु ने भेष बदलकर उन्हें राजा से बचाया, जिससे कई क्षेत्रों में दिवाली का हर्षोल्लास मनाया जाने लगा, क्योंकि यह लोगों के घरों में पूजनीय देवी लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक है। कई लोगों का मानना है कि वह आने वाले वर्ष में उन्हें धन और समृद्धि का आशीर्वाद देंगी। दीपावली मनाने का एक ही कारण नहीं है। उसके अनेक कारण हैं इसलिए दीपावली कई धर्मों में समान महत्व रखता है। तमसो मा ज्योतिर्गमय के सिद्धांत को सार्थक करता यह दीपोत्सव सभी के जीवन को ज्ञान, प्रेम, सौहार्द्र की भावना का प्रतीक है। दीपोत्सव मनाने के कुछ प्रमुख कारण :-

धन, वैभव, समृद्धि की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी का प्रादुर्भाव !
अथर्वन ऋषि द्वारा अग्नि की प्रथम खोज !
राजा बलि को भगवान् वामन द्वारा पाताल लोक का स्वामी नियुक्त करना !
भगवान् राम, माता जानकी एवं भ्राता लक्ष्मण का 14 वर्ष के वनवास के उपरांत अयोध्या आगमन !
सिख धर्म के गुरु हरगोविंद सिंह की मुगलों के कैद से आजाद होना !
गुरु अर्जुनदेव जी द्वारा अमृतसर शहर की स्थापना !
अमृतसर के स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास !
गुरु गोविन्द सिंह जी का विजय यात्रा पर निकलना !
पांडवों का 13 वर्ष के वनवास के उपरांत हस्तिनापुर लौटना !
धर्मराज युद्धिष्ठिर का राज्यतिलक !
दयानंद सरस्वती को निर्वाण प्राप्त होना !
जैन धर्म के भगवन महावीर स्वामी को निर्वाण प्राप्त होना !
भगवन कृष्ण द्वारा नरकासुर का वध और 16,108 स्त्रियों को उसके बंदी गृह द्वारा मुक्त करवाना !
नचिकेता द्वारा यमराज से ज्ञान प्राप्त करना !
राजा विक्रमादित्य का राज्यतिलक !
विक्रम संवत की शुरूवात !
नेपालियों का नया वर्ष शुरू !
स्वामी रामतीर्थ का जन्म !
बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान बुद्ध द्वारा 17 वर्ष बाद अपने गृह नगर कपिलवस्तु लौटना और स्वागत में नगर वासियों द्वारा दीपमालिका से स्वागत करना !
अप्प दीपो भव: का उपदेश देना !

## लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक गिरा



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को इस कारोबारी हफ्ते में लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुला। शुरूआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखने को मिल रही है। बीएसई का सेंसेक्स 311.88 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरने के बाद 80,057.15 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 94.10 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरने के बाद 24,372.75 पर कारोबार कर रहा है। मंगलवार को बाजार में तेजी देखने को मिली थी। कारोबार के अंत में बैंक शेयरों के दम पर बाजार चढ़ गया था। सेंसेक्स 363.99 अंक या 0.45 प्रतिशत चढ़ कर 80,369.03 पर बंद हुआ था। निफ्टी 127.70 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,466.85 पर था। हालांकि, बाजार का रुझान बुधवार को सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1666 शेयर हरे, जबकि 586 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 430.40 अंक या 0.82 प्रतिशत फिसलने के बाद के 52,890.30 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 209.45 अंक या 0.37 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,460.75 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 156.40 अंक या 0.86 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,355.35 पर है। सेंसेक्स पैक में मारुति, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, टीसीएस और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। वहीं, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एचसीएल टेक, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। निफ्टी पैक में मारुति, बीईएल, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो टॉप गेनर्स थे। वहीं, सिप्ला, डॉ. रेड्डीज, सन फार्मा, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और टाइटन टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों की बात करें तो टोक्यो के बाजार को छोड़कर बैंकॉक, हांगकांग, शंघाई, जकार्ता और सोल के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुए थे। बाजार के जानकारों के अनुसार, निकट भविष्य में बाजार सकारात्मक और नकारात्मक कारकों से प्रभावित होगा। सकारात्मक कारक कल एफआईआई की बिक्री में तेज गिरावट है, जो मात्र 548 करोड़ रुपये रह गई। यह इस बात का संकेत है कि 'भारत बेचो, चीन खरीदो' का एफआईआई सामरिक व्यापार समाप्त हो रहा है। बाजार में अधिक डीआईआई और खुदरा धन आने तथा एफआईआई की बिक्री में कमी आने के साथ, त्योहारी मूड से बाजार को निकट भविष्य में बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन तेजी का यह रुझान बरकरार रहने की संभावना नहीं है।

## राशिफल

**मेष:** आज हम परिवार में स्थिति की चर्चा करेंगे, आज हम अपनी मां के साथ कुछ खास करेंगे, जिससे मन में शांति की अनुभूति होगी।

**वृष:** किसी बड़े मामले में समझौता करने और सहयोग करने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए। इस राशि के लोग जीवनसाथी के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन:** दिन परिवार वालों के नाम रहेगा, अच्छा खाएंगे और खूब आराम करेंगे। अगर घर खरीदने की योजना बनाई है तो आज आप इसके बारे में आगे बात करेंगे।

**कर्क:** धन लाभ होगा। किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का फैसला न लें। पैसों का लेन-देन न करें तो बेहतर होगा।

**सिंह:** आज का दिन उतार-चढ़ाव के बीच गुजरेगा। कई काम आपका ध्यान आकर्षित करेंगे, जिससे आप हड़बड़ी में दिन बिताएंगे और आराम नहीं कर पाएंगे।

**कन्या:** आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी. आपके कार्यों में सफलता का झंडा लहराएगा। इस राशि के छात्रों के लिए दिन महत्वपूर्ण है।

**तुला:** खुद पर विश्वास है तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। आज आपके साथ भी कुछ ऐसा ही होगा। अपने आप पर विश्वास रखें, जिससे काम सफल होता रहेगा।

**वृश्चिक:** दिन खुशियों से भरा रहेगा। नौकरी में आपके प्रयास सफल होंगे। परिवार के सदस्यों से शुभ समाचार मिलेगा और आपके आत्म-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु:** थोड़ा संभलकर रहना होगा। कोई नया काम हाथ में लेना ठीक नहीं रहेगा। उसमें कोई समस्या हो सकती है, पुरानी योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

**मकर:** दिन सामान्य रहेगा। मनोबल का स्तर अच्छा होने से काम अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। ऑफिस में आपकी रचनात्मकता पहले से बेहतर रहेगी।

**कुंभ:** आज के दिन परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। उनकी मदद से आप कोई भी काम करने में सफल होंगे, जिससे आपकी आमदनी भी बढ़ सकती है।

**मीन:** आपका झुकाव अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए कहीं जा सकते हैं। ऐसा करने से आपको लाभ मिलने की संभावना है।

## चुटकुले

लड़की वाले- लड़का शराब पीता है क्या?
चिंटू के घर वाले- जी बिलकुल पीता है और रोज पीता है।
लड़की वाले- इसका मतलब अच्छा कमाता है, हमारी तरफ से ये रिश्ता पक्का।
रिश्ता वही, सोच नई।

---

बॉस के जोक पर पूरी टीम हंसने लगी लेकिन टीटू नहीं हंसा।
बॉस- तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या?
टीटू- सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है।
बॉस को हुई हैरानी!

---

पुलिस -तुमने बक्सा चुराया पर पास पड़ी नोटों की गड्डी छोड़ी दी
चोर- साहब पर एफआईआर में इसका जिक्र मत करना
पुलिस- क्यों?
चोर- मेरी इस चूक के लिए पिताजी मुझे बहुत मारेंगे!

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से 11.2 महीने का आयात संभव, आरबीआई की रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली।** देश के आयात कवर का नवीनतम आंकड़ा मार्च 2024 के अंत में दर्ज 11.3 महीने के कवर से थोड़ा कम है। आयात कवर आयात के महीनों की संख्या का एक माप है जिसे विदेशी मुद्रा भंडार के वर्तमान स्तर से पूरा किया जा सकत है। यह आंकड़ों बाहरी आर्थिक झटकों के खिलाफ देश के लचीलेपन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में क्या कहा गया, आइए जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार आयात (भुगतान संतुलन के आधार पर) को 11.2 महीने तक कवर कर सकता है। इसका मतलब है कि 11.2 महीने के कुल आयात खर्च को वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर पूरा किया जा सकता है। मंगलवार को जारी आरबीआई की रिपोर्ट में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, आयात कवर और अंतरराष्ट्रीय निवेश की स्थिति (आईआईपी) पर अपडेट दिया गया है। यह रिपोर्ट जून 2024 के अंत तक देश की बाहरी वित्तीय स्थिति की जानकारी दी है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# भारत के खिलाफ टेस्ट में बतौर ओपनर खेलने के लिए तैयार हूं : मैकस्वीने



**मैके ।** ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीने को पूरा भरोसा है कि अगर भारत के खिलाफ चयनकताओं ने उन्हें नई गेंद के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका दिया तो वह इस अवसर का पूरा फायदा उठाएंगे।

उस्मान ख़्वाजा के साथ कौन होगा सलामी साझेदार इस बात का फैसला अब भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच होने वाले लगातार दो चार दिवसीय मैचों से हो जाएगा। जहां दो ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज कैमरन बैनक्रॉफ़्ट और मार्कस हैरिस मैके में गुरुवार से शुरू होने वाले मुकाबले में पारी का आगाज करते नजर आएंगे, जबकि युवा सनसनी सैम कॉन्स्टास भी इस दल का हिस्सा हैं।

हालांकि मैकस्वीने साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हैं लेकिन इसके बावजूद वह भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने की दौड़ में बने हुए हैं। शेफील्ड शील्ड के इस सीजन में उन्होंने धमाकेदार आगाज किया है, मैकस्वीने ने अब तक 55, 127 नाबाद, 37 और 72 रन की पारियां खेली हैं।

25 वर्षीय मैकस्वीने पिछले सीजन भी बेहतरीन फॉर्म में थे जहां उन्होंने 40.10 की औसत से 762 रन बनाए थे जिसमें तीन शतक भी शामिल थे। ये सभी रन उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हालातों में बनाए थे, उनसे ज्यादा सिर्फ.तीन खिलाड़ियों ने ही रन बनाए थे।

उन्हें भविष्य का ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान भी कहा जाता है और फि लहाल वह ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान हैं।

इससे पहले भी वह कई बार अलग-अलग टीमों की कप्तानी कर चुके हैं जिनमें प्राइम मिनिस्टर्स कऔर ब्रिसबेन हीट भी शामिल हैं। ब्रिसबेन हीट तो मैकस्वीने की कप्तानी में ही पिछले सीजन बिग बैश लीग (बीबीएल) की विजेता रही थी।

ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं की भी इस दाएं हाथ के बल्लेबाज पर नजर होगी। मैकस्वीने भी मानते हैं कि वह मानसिक तौर पर तैयार हैं।

मुझे लगता है मैं इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ दौर से गुजर रहा रहूं। साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए मैं नंबर-3 पर बल्लेबाजी जरूर कर रहा लेकिन ये सलामी बल्लेबाजी से अलग नहीं है। आप पहले ओवर में भी बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं, मैं अपनी तैयारी भी नई गेंद से ही करता हूं लिहाजा मुझे लगता है कि मैं इसके लिए तैयार हूं।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं की नजर इन दो मुकाबलों पर है, जो मैके और मेलबर्न में खेला जाना है। इन दोनों मुकाबलों में जो अच्छा करेगा उसे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका मिल सकता है, लिहाजा ये कहना गलत नहीं होगा कि ख़्वाजा के नए साझेदार का फैसला इन्ही दो मुकाबलों में चार बल्लेबाजों के बीच तय हो सकता है।

# अल्काराज जैरी पर जीत के साथ पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में

**पेरिस ।** कार्लोस अल्काराज ने पेरिस मास्टर्स में निकोलस जैरी पर 7-5, 6-1 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की और तीसरे दौर में प्रवेश किया।

एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फरवरी में ब्यूनस आयर्स सेमीफाइनल में चिली के खिलाड़ी से हारने वाले अल्काराज ने वापसी पर अपनी क्लास का प्रदर्शन करते हुए 80 प्रतिशत (4/5) ब्रेक पॉइंट्स को कन्वर्ट किया।

चूंकि स्पैनियार्ड लगातार तीसरे सीजन में पांच या उससे अधिक एटीपी टूर खिताब जीतने की अपनी खोज जारी रखता है, इसलिए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसका सामना घरेलू उम्मीद उगो हम्बर्ट या क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा।



अल्काराज ने बढ़त लेने में बहुत कम समय बर्बाद किया, दूसरे गेम में जैरी की सर्विस तोड़ने के लिए 0/40 से लगातार पांच पॉइंट्स बनाए। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, 21 वर्षीय खिलाड़ी 5-4 के स्कोर पर दबाव में आ गए, लेकिन फिर से वापसी करते हुए ओपनर को सील कर दिया।

इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, जैरी ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए दबाव बनाया, जिसके दौरान उसने चार ब्रेक के अवसर बनाए। हालांकि, अल्काराज ने दृढ़ता दिखाई और एक घंटे, 30 मिनट में जीत हासिल की।

अल्काराज ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैंने पहले सेट में वास्तव में अच्छा टेनिस खेला, लेकिन अंत में यह जटिल था। मैं शुरूआती सेट को पार करके वास्तव में खुश हूं, मेरे लिए दूसरे सेट में अधिक आत्मविश्वास के साथ आना वास्तव में महत्वपूर्ण था। मुझे कोर्ट की गति के अभ्यस्त होने के लिए समय चाहिए। मुझे पेरिस-बर्सी में मैच जीते हुए दो साल हो गए हैं, इसलिए जब भी मैं आगे बढ़ता हूं तो यह मेरे लिए एक उपहार है।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शिमरोन हेटमायर की हुई वापसी

**सेंट जॉन्स (एंटीगा) ।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे मैचों के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

तीन मैचों की वनडे सीरीज 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में दो वनडे मैचों के साथ शुरू होगी। अंतिम मैच 6 नवंबर को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

एलिक अथानाजे की जगह हेटमायर को टीम में शामिल करना एकमात्र बदलाव है। इस महीने की शुरूआत में श्रीलंका दौरे पर गई टीम में यह एकमात्र बदलाव है।

हेटमायर ने पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के बाद से वेस्टइंडीज के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है।

इस श्रृंखला में टीम की कमान शाई होप संभालेंगे, जबकि युवा खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू को अपना हुनर प्रभावित करने का एक और मौका मिलेगा,



जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया है।

हेड कोच डैरन सैमी ने इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर वापसी को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, ₹इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हमेशा एक नई चुनौती होती है। यह खेल भावना और एक रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका होता है जिसका खिलाड़ी और कैरेबियाई लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। हम इंग्लैंड का सामना करते समय अपने खेल को बेहतर बनाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ ही लेते हैं।

सैमी ने कहा, यह प्रतिद्वंद्विता दशकों पुरानी है ।

# नीतीश कुमार रेड्डी ने भारत ए मैचों को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले सीखने का महत्वपूर्ण अवसर माना

**नईदिल्ली ।** इस महीने की शुरूआत में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में डेब्यू के दौरान नीतीश कुमार रेड्डी इतने खुश थे कि उन्होंने मिरर सेल्फी भी ली। यह पल उनके लिए बेहद खास था और इस युवा खिलाड़ी ने इसका लुत्फ उठाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। रेड्डी ने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 11 पारियों में 303 रन बनाने और तीन विकेट लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार भी मिला।

इसके कारण उन्हें जुलाई में जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी20 मैचों के लिए टीम में मौका मिला और वे राष्ट्रीय टीम में जल्दी शामिल हो गए।

यह इंतजार आखिरकार ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले टी20 मैच से पहले खत्म हुआ, जहां रेड्डी ने अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। उन्होंने कहा, उस पल, मुझे




खुद पर गर्व महसूस हुआ कि मैं कितनी दूर तक आ गया हूं, कुछ ऐसा जिसका मैंने सपना देखा था। अब, मैं आखिरकार भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला था, क्योंकि मुझे पता था कि मुझे पहले मैच में मौका मिलने वाला है।

रेड्डी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में

> **रेड्डी को भारत की ओर से पहली बार विदेशी परिस्थितियों में कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ेगा। रेड्डी को भारत की ओर से पहली बार विदेशी परिस्थितियों में कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ेगा।**

पैट कमिंस और ट्रेविस हेड का सामना करने की संभावना उत्साहित करती है, खासकर इसलिए क्योंकि वे पहले हैदराबाद शिविर में जुड़े थे, जिसमें कमिंस उनके कप्तान थे और हेड उनके साथी थे।

रेड्डी को भारत की ओर से पहली बार विदेशी परिस्थितियों में कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ेगा।

लेकिन आईपीएल में उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में प्रदर्शन करने का रेड्डी का अनुभव और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका अनुभव उन्हें एक फायदा देगा क्योंकि वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के अपने बचपन के सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।



# 'रोहित और विराट के साथ अधिक धैर्य से पेश आना उनके लिए मददगार होगा' : सहायक कोच अभिषेक नायर

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों द्वारा पूरी तरह से आत्मसमर्पण और जिस तरह से दो सबसे वरिष्ठ बल्लेबाज - विराट कोहली और रोहित शर्मा - आउट हुए, उसकी काफी आलोचना हुई है। उनका बहुत अधिक रन बनाने में विफल होना चिंता का विषय है, खासकर तब जब भारत अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के लंबे दौरे पर जाने वाला है।

हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन दो महान बल्लेबाजों की दोहरी विफलताओं के बारे में बहुत चिंतित नहीं है और टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि दोनों वरिष्ठ बल्लेबाजों के साथ अधिक धैर्य से पेश आना चाहिए।

मैं खुद एक शीर्ष खिलाड़ी रहा हूं और इसलिए जब कोई व्यक्ति जो इस यात्रा से गुजरा है, तो कई बार यह उन्हें उनकी जगह देने और भरोसा करने के बारे में होता है कि वे वापस आएंगे, वे कड़ी मेहनत करेंगे। देखिए सभी ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। हर कोई अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। हर कोई, चाहे विराट कोहली हो, रोहित शर्मा हो, या कोई और, प्रयास कर रहा है; दृष्टिकोण शानदार है।"

नायर ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से दो दिन पहले वानखेड़े स्टेडियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,मुझे लगता है कि वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं और कभी-कभी आपको महानतम खिलाड़ियों के साथ भी थोड़ा धैर्य रखना पड़ता है और उन्हें कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है और मुझे पूरा यकीन है कि जल्द ही हमारे पास बाकी सभी की भी प्रशंसा करने के लिए और भी बहुत कुछ होगा।"

12 वर्षों में पहली बार घरेलू मैदान पर कोई सीरीज हारने और ऑस्ट्रेलिया में एक महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज खेलने के बाद, वानखेड़े टेस्ट, हालांकि सीरीज के दृष्टिकोण से महत्वहीन है, भारत के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह अच्छा प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने का अवसर है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने के लिए और अधिक उत्साहपूर्ण मूड में।

नायर ने कहा कि सहयोगी स्टाफ के रूप में, वानखेड़े में होने वाला आगामी टेस्ट किसी भी अन्य मैच की तरह ही महत्वपूर्ण है और वे लगातार दो मैच हारने के बाद घरेलू टीम के साथ किस्मत की उम्मीद कर रहे हैं।

नायर ने कहा, जब भी आप भारत के लिए खेल रहे होते हैं, जब भी आप इस जर्सी को पहनते हैं, तो आप पर दबाव होता है। हर सप्ताह महत्वपूर्ण होता है। हर मैच महत्वपूर्ण होता है। मैं सहयोगी स्टाफ की ओर से बात कर रहा हूं और हम डब्ल्यूटीसी या ऑस्ट्रेलिया दौरे के बारे में सोचने के मामले में संकीर्ण सोच वाले नहीं हैं। मुझे लगता है कि हमारे आगे जो है वह वानखेड़े में होने वाला यह मैच है। उम्मीद है कि घरेलू परिस्थितियां मेरे और टीम के अनुकूल होंगी।"

इसलिए मुझे लगता है कि दृष्टिकोण बहुत सरल है, वर्तमान में रहें, दिन-प्रतिदिन इसे लें।

# वानखेड़े में वापस आना 'काफी भावुक' करता है: न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल

**मुंबई ।** बुधवार की सुबह अभ्यास सत्र के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के सदस्य वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरे, तब बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल पिच पर जाने वाले पहले कुछ लोगों में से थे और उन्होंने पिच को बहुत करीब से देखा।

हासिल करने वाले पहले क्रिकेटर बने। दिसंबर 2021 में 10/119 का उनका प्रदर्शन अब तक किसी टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

जब वह अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के स्थल पर लौटे, तो 36 वर्षीय स्पिनर के लिए वानखेड़े



स्टेडियम की पिच को देखकर पुरानी यादें ताजा होना और शुक्रवार से शुरू हो रहे मौजूदा सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए मैदान पर उतरने पर फिर से वही प्रदर्शन करने की उम्मीद करना स्वाभाविक था।

उनके पास ऐसा करने के सभी कारण हैं क्योंकि मुंबई उनके दिल में एक खास जगह रखता है। ऐसा इसलिए नहीं कि उनका जन्म मैक्सिमम सिटी में हुआ था और आठ साल की उम्र में वे न्यूजीलैंड चले गए थे और कभी-कभार वहां जाते हैं, क्योंकि उनकी पत्नी इस शहर से हैं और उनका बड़ा परिवार अभी भी मुंबई में रहता है। लेकिन पटेल का कारण अधिक व्यक्तिगत है - वानखेड़े टेस्ट क्रिकेट में उनके सबसे बेहतरीन प्रदर्शन का स्थल है।

यह वानखेड़े स्टेडियम ही था जहां पटेल खेल के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले केवल तीसरे क्रिकेटर बने, इंग्लैंड के दिग्गज जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के साथ यह उपलब्धि

बुधवार को पटेल ने कहा कि मुंबई वापस आना उनके लिए काफी भावनात्मक है और वह फिर से इस स्थल पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

पटेल ने बुधवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹हां , निश्चित रूप से भावनात्मक। मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि मुंबई में वापस आना हमेशा काफी खास होता है। यह एक ऐसी जगह है जिसे घर भी कहा जाता है। इसलिए यहां फिर से खेलने का अवसर मिलना काफी खास है।

# बुमराह को पछाड़कर रबाडा ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई ।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसोरबाडा ने मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

रबाडा ने दोनों पारियों में 9 विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से जीत मिली। 29 वर्षीय रबाडा ने टेस्ट के पहले दिन सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बनने का कीर्तिमान भी हासिल किया।

रबाडा ने इससे पहले जनवरी 2018 में न्यूलैंड में भारत के खिलाफ शानदार श्रृंखला के बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी, जहां वह साल के अधिकांश समय दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने रहे थे।

रबाडा के अलावा, अन्य गेंदबाजों ने भी आईसीसी की ताजा



रैंकिंग में काफी सुधार किया है। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष 10 में प्रवेश किया है, रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट लेने के बाद वे आठ पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अपने फॉर्म के साथ, सैंटनर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 39वीं पर नजर गड़ाए हुए हैं, जो उन्होंने जनवरी 2017 में हासिल की थी।

बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम तीन पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के गस एटकिंसन दो पायदान की बढ़त के साथ 22वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के साजिद खान 12 पायदान की बढ़त के साथ 38वें स्थान पर हैं और दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर 9 पायदान की बढ़त के साथ टॉप-50 में शामिल हो गए हैं।

बल्लेबाजी में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हाल की पारियों में 30 और 77 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के सऊद शकील और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे हैं।

इन प्रदर्शनों के बाद, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में न्यूजीलैंड 50 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की स्थिति में सुधार की संभावना है, क्योंकि भारत के खिलाफ सीरीज में एक मैच और इंग्लैंड के खिलाफ तीन घरेलू टेस्ट मैच बाकी हैं, जिससे वे अपने प्रतिशत अंकों को 64.29 तक बढ़ा सकते हैं।

इस बीच, भारत 62.82 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन आगे उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में दूसरे स्थान पर है भारत से बहुत पीछे है और अगर भारत लड़खड़ाता है ।

# विराट कोहली को लेकर कोच डब्ल्यूवी रमन का खुलासा

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व महिला कोच डब्ल्यूवी रमन ने अंडर-19 दिनों के दौरान विराट कोहली की क्षमता को पहचानने की



बात को याद करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि कोहली न केवल भारत के लिए खेलेंगे बल्कि राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व भी करेंगे। विराट कोहली को भारत के लिए खेलने का पहला मौका 2006 में मिला जब उन्होंने एक किशोर के रूप में अंडर-19 टीम के लिए खेला और 2008 में उसी टीम को विश्व कप जीतने में मदद की। इसके तुरंत बाद उनके वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय करियर ने उड़ान भरी है ।

# डेयरी में घुसकर दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

## गैंगस्टर ने दीवार फांदकर बचाई जान, पुरानी रंजिश में हुई वारदात

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में निवाड़ी के गांव नंगला मूसा में पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने डेयरी में घुसकर गैंगस्टर राहुल उर्फ कालू पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में गांवों में भगदड़ मच गई। गैंगस्टर ने दीवार फांदकर अपनी जान बचाई। गोली लगने से एक बकरी घायल हो गई। पुलिस ने तीन नामजद सहित चार के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

वर्तमान में गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन निवासी राहुल उर्फ कालू मोदीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने अभी उस पर और उसके दो साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। राहुल की पत्नी करिश्मा की ओर से दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार, उसका पति राहुल निवाड़ी के गांव नंगला मूसा में पशुओं की डेयरी करता है। देर रात राहुल डेयरी पर था।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि करिश्मा की तहरीर पर दिल्ली की झिलमिल कालोनी निवासी अश्वनी उर्फ आशु चौहान और भोजपुर के गांव दौसा बंजारपुर निवासी दीपक उर्फ छोटू और जलवीर पंडित और एक अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



### पुरानी रंजिश हमले की वजह

तभी पुरानी रंजिश के चलते जलवीर पंडित अपने तीन साथियों के डेयरी में घुस गया और राहुल पर जान लेने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। राहुल जान बचाने के लिए दीवार फांदकर भाग गया। एक गोली वहां बंधी बकरी को लगी। पुलिस ने भागे गैंगस्टर राहुल और उसके साथी को गिरफ्तार लिया। पुलिस के अनुसार, राहुल पहले जलवीर पंडित उर्फ जल्लू के लिए काम करता था। कुछ दिन बाद दोनों अलग हो गए। पुलिस को दोनों गिरोह के बीच गैंगवार की आशंका सताने लगी। गैंगस्टर राहुल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# हापुड़ पुलिस ने दिया दिवाली का गिफ्ट 155 लोगों को लौटाए खोए हुए फोन



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ पुलिस ने दिवाली पर पीड़ितों को उनके खोए हुए मोबाइल देकर गिफ्ट दिया। सर्विलांस टीम ने लोगों के गुमशुदा, खोए हुए 42 लाख रुपए के 155 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। उन्होंने हापुड़ पुलिस का थैंक्यू बोला।

एसपी केजी सिंह ने बताया कि हापुड़ पुलिस ने एक पहल अभियान शुरू कर रखा है। इस अभियान के तहत नागरिकों के गुमशुदा/खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जाने के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया गया है। क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे लोग मोबाइल फोन खोने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। क्यूआर कोड पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा करते हुए सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से विभिन्न राज्यों और जनपदों से बरामद किए गए 155 मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे गए।

### 42 लाख रुपए के मोबाइल बरामद

एसपी ने बताया कि जिले की सर्विलांस टीम ने काफी प्रयास कर करीब 42 लाख रुपए के 155 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जो खोए हुए मोबाइल मिले हैं, उन्हें दिवाली से ठीक पहले उनके सौंपें जाएं, इसी क्रम में लोगों को उसके खोए हुए फोन वापस दिए गए हैं। जिस पर पीड़ितों ने पुलिस को थैंक्यू बोला।

# नोएडा के लोटस ग्रेनेडियर बैंक्वेट में लगी भीषण आग

## दमकल की 15 गाड़ियों ने पाया काबू, एक की मौत



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-74 स्थित निमार्णाधीन लोटस ग्रेनेडियर बैंक्वेट हाल में आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। मौके पर एक-एक करके 15 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। बैंक्वेट हाल बडा होने के कारण आग को बुझाने में काफी समय लगा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जो कि हॉल में बिजली का काम करता था।

डीसीपी राब बदन सिंह सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लगने की जानकारी मिली। दरअसल ग्रेनेडियर हॉल निमार्णाधीन हॉल है। यहां लाइटिंग और लकड़ी काम किया जा रहा था। जिसमें शार्ट सर्किट हुआ और आग तेजी से फैली। इसके बाद इलेक्ट्रिक शार्ट सर्किट होता गया। आग फैलती चली गई। हॉल के गार्ड ने इसकी जानकारी पुलिस और फायर विभाग को दी। मौके पर एक-एक करके 15 दमकल की गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू पाया गया। जिस व्यक्ति की मौत हुई उसकी पहचान परविंदर हुई है।

### बुलडोजर से तोड़ा गई दीवार

निमार्णाधीन हॉल में आग इतनी तेज थी। उसको बुझाने के लिए दमकल विभाग को बुलडोजर का सहारा लेना पड़ा। बुलडोजर की मदद से साइड की दीवार को तोड़ा गया। जिसके बाद वहां से पाइप डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लगी।

करीब आठ घंटे तक पानी की बौछार की गई। इसके बाद भी आग पूरी तरह से नहीं बुझ सकी है। डीसीपी ने बताया कि यहां लकड़ी का काम सबसे ज्यादा हो रहा था। ऐसे में एक बार बुझने के बाद दोबारा से आग पकड़ रही है। इस लगातार नजर बनी हुई है। आग को बुझाने का काम जारी है। आग इतनी तेज थी धुएं का गुबार कई किलोमीटर तक दिखाई दिया। बता दे जिस स्थान पर आग लगी। वही आस पास कई सोसाइटी भी है। ऐसे में एहतियात के तौर आस पास की इमारतों पर भी पानी का छिड़काव करके उनको ठंडा रखा गया।

# मिनी ट्रक का पहिया निकलने से हादसा: ट्रक सवार 2 युवकों की मौत, दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर घटी घटना

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के सिंभावली इलाके के गांव खुडलिया के निकट दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मिनी ट्रक का पहिया निकलने से वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो घायलों का दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंडी में फूल बेचने जा रहा था

जानकारी के अनुसार थाना बिनया ठेर क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी किशनपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनका भतीजा विशाल संभल से मिनी ट्रक में फूल भरकर दिल्ली की फूल मंडी में बेचने के लिए जा रहा था। देर रात सिंभावली क्षेत्र में गांव खुडलिया के पास नए हाईवे पर अचानक तेज रफ्तार से जा रहे मिनी ट्रक का पहिया निकल गया। जिससे




मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

### एक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

हादसे में मिनी ट्रक में सवार कमल सिंह निवासी कुंवरपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विशाल सतेंद्र और अमनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें हापुड़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने तीनों को दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान विशाल ने भी दम तोड़ दिया। वहीं दोनों घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# पटाखा कारोबारी ने जमा किया 1 करोड़ का जुमार्ना

## जीएसटी के अफसरों ने मारा था छापा, 5 करोड़ की चोरी का अनुमान

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के मेरठ रोड स्थित गोल्डन ट्रेडिंग कंपनी पर मंगलवार को गाजियाबाद की एसआईबी (विशेष अनुसंधान शाखा) की टीम फिर से जांच करने के लिए पहुंची। इस दौरान कारोबारी ने एक करोड़ रुपए की जीएसटी जुमार्ने के तौर पर जमा कर दी है। जबकि, विभागीय अधिकारियों को 5 करोड़ की चोरी का अनुमान है। फिलहाल अफसर जांच-पड़ताल में जुटे हैं।



### एक करोड़ रुपए किया जमा

बीके दीपांकर ने बताया कि स्वामी द्वारा स्वयं अभी करीब 1 करोड़ रुपए जुमार्ने के तौर पर जमा किए हैं, लेकिन विभाग को करीब 5 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का अंदेशा है। व्यापारी के प्रार्थना-पत्र पर पुन: 15 सदस्यीय टीम जांच करने आई है। सील खोलते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

सोमवार की शाम एसआईबी की 25 सदस्यीय टीम ने कंपनी के मेरठ रोड स्थित कार्यालय और भोजपुर में स्थित गोदाम पर एक साथ छापा मारा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिस समय कार्रवाई शुरू हुई थी, उस समय कंपनी के स्वामी मौके पर नहीं थे। उन्हें फोन करके बुलाया गया, लेकिन बार-बार बुलाने पर भी वह पूरी रात मौके पर नहीं आए। इस कारण टीम दस्तावेज की सही से जांच नहीं कर पाई। अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह मेरठ रोड स्थित कार्यालय और गाजियाबाद के भोजपुर में स्थित पटाखा गोदाम पर सील लगा दी। इस गोदाम में करीब 40 लाख रुपए के पटाखे भी सील किए गए। गोल्डन फायर वर्क्स के नाम से यह गोदाम है। इस गोदाम का कार्यालय भी मेरठ रोड पर ही है।

कंपनी द्वारा जो रिटर्न दाखिल की जा रही थीं, उसमें और ई-वे बिल में बड़ा अंतर मिला है। रिटर्न के मुकाबले जारी हुए ई-वे बिल बहुत कम के हैं। यहां तक कि कैश के फ्लो में भी बड़ा अंतर मिला है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने घायल व्यापारी का पैसा लौटाया हादसे के बाद बैग में पड़ा मिला था 5 लाख



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के पास सड़क हादसे में मंगलवार की रात को बाइक सवार व्यापारी घायल हो गया। इस दौरान पुलिस को पीड़ित के पास से एक बैग मिला। जिसमें 5 लाख रुपए थे। पुलिस ने घायल के परिजन को सूचना देकर बुलवाया और 5 लाख रुपए सौंप दिए। वहीं परिजन ने बाबूगढ़ पुलिस को थैंक्यू बोला।

बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि मंगलवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि केंद्रीय विद्यालय के पास बाइक सवार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना मिलने पर कॉन्स्टेबल राहुल और सुमित तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल को पुलिस ने आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर वह भी तुरंत मौके पर पहुंचे।

घायल के बारे में जानकारी करने पर पता चला कि घायल हापुड़ के मोहल्ला आहाता उग्रसेन निवासी अमित गोयल हैं। जिनकी कुचेसर चौपला पर शीतल पेय पदार्थ की एजेंसी है। वापस लौटते समय ई-रिक्शा से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें में वह घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर पुलिस को एक बैग मिली। जिसकी जांच की तो पता चला कि उसमें 5 लाख रुपए रखे हैं। पुलिस ने दुर्घटना की सूचना घायल के परिजन को दी गई। जिस पर घायल की पत्नी ममता गोयल और पुत्र जतिन गोयल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें दुर्घटना स्थल से मिले 5 लाख रुपए से भरा बैग सौंप दिया। परिजन ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके बैग से मिले 5 लाख रुपए परिजनों को सौंप दिए गए हैं।


### कुकर्म और दुष्कर्म के आरोपी जेल भेजे

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने किशोर और किशोरी के साथ कुकर्म तथा दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कुकर्म के आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार का ईनाम घोषित था। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 21 सितम्बर को लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने एक 62 वर्षीय अधेड पर अपने नाबालिग पुत्र के साथ कुकर्म का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार के ईनाम की घोषणा की गई थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी समरपाल 62 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि लोनी पुलिस ने किशोरी को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी साहिब को गिरफ्तार कर जेल भेल दिया है।




# 12 टू-स्टार को मिला कमिश्नरेट में गिफ्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दीपावली से पहले कमिश्नरेट सिस्टम में तैनात 12 टू-स्टार ऐसे हैं जिन्हें दीपावली का रियल गिफ्ट मिला है। सूत्रों ने बताया है कि एक दिन पूर्व ही दर्जनभर टू-स्टारों की प्रमोशन लिस्ट आई है। सुनने में आया है कि जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 12 टू-स्टार ऐसे हैं जिनको अब थ्री-स्टार के पद पर पदोन्नति मिली है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि दीपावली के बाद एडिशनल वाले साहब इनके तीन स्टार लगाने का काम करेंगे। बताया जा रहा है कि तीनों ही जोन में तैनात कई टू-स्टार अब थ्री-स्टार बन गए हैं। बता दें कि प्रदेश में बड़े स्तर की यह लिस्ट आई थी, जिसे दीपावली लिस्ट भी कहा जा रहा था। इस लिस्ट में पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम के खाते में 12 टू-स्टार ऐसे रहे जिनको अब तीन स्टार मिल रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसमें से कई टू-स्टार ऐसे हैं, जो अब थ्री-स्टार बनने के बाद अपनी थाने वाली दावेदारी भी पेश कर सकते हैं। उनका पुराना रिकॉर्ड भी देखा जाएगा, तो वही सूत्र



बता रहे हैं कि नवंबर के महीने में कुछ की लॉटरी लग सकती है। किसी को चार्ज मिल सकता है और कोई लाइन से फाइन वाली स्थिति में आ सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 12 टू-स्टार ऐसे हैं, जिनको दीपावली से पहले बड़ा गिफ्ट मिला है। कई टू-स्टारों ने तो इस खुशी के अवसर को अपने व्हाट्सएप के स्टेटस से खुशहाल बनाने का भी काम किया है। तो टू-स्टार से थ्री-स्टार बनने वाले इन पुलिसकर्मियों को विभाग वालों ने भी जमकर शुभकामनाएं दी हैं। सूत्र बताते हैं कि कई टू-स्टार इसमें ऐसे थे, जो लंबे समय से थ्री-स्टार वाली प्रतीक्षा सूची में चल रहे थे लेकिन यह साल उनके लिए लकी रहा और दीपावली से पहले उनको बोनस के साथ प्रमोशन वाला गिफ्ट भी मिल गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन 12 टू-स्टार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों ही जोन से शुभकामना मिल रही हैं। तो वही उन थाना प्रभारियों की टेंशन आने वाले दिनों में बढ़ेगी, जिनका इन थ्री-स्टारों से अब कंपटीशन देखने को मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही इनके तीन स्टार लगाए जाएंगे। इसके बाद टू-स्टार वाले थ्री-स्टार कहलाए जाने लगेंगे।

# लाखों से बने पिंक शौचालय पर लटक रहा ताला

## जेवर में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई, लोग बोले-बनने से फायदा नहीं

**जेवर, करंट क्राइम।** दनकौर कस्बे के बस अड्डा रोड पर महिलाओं की सुविधा के लिए स्थापित पिंक शौचालय का हाल बुरा हो गया है। कई वर्षों पहले बनाए गए इस शौचालय की देखरेख के अभाव में इसकी हालत दयनीय हो गई है। पिछले कई महीनों से ताले लगे रहने के कारण स्थानीय महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं का आरोप है कि उन्होंने नगर पंचायत अधिकारियों से इस मुद्दे पर कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब, महिलाएं मामले की शिकायत जिले के डीएम से करने की तैयारी कर रही हैं।

### राहगीरों को होती है परेशानी

दनकौर ऐतिहासिक कस्बा है, जहां रोजाना सैकड़ों महिलाएं खरीददारी के लिए बाजार आती हैं। शासन के आदेश पर कुछ साल पहले पिंक शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन इसका उपयोग केवल कुछ महीनों तक ही हो पाया। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि शौचालय की साफ-सफाई और देखरेख सही तरीके से नहीं की गई, जिससे इसकी स्थिति खराब




### महिलाओं का आरोप नगर पंचायत अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

हो गई। अब, शौचालय पर ताला लगा होने के कारण महिलाओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने इस मामले में नगर पंचायत के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। अब, वे मजबूर होकर डीएम से शिकायत करने की योजना बना रही हैं। इस बारे में नगर पंचायत की अध्यक्ष राजवती देवी ने बताया कि शौचालय के अंदर कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही ठीक कराकर ताले खोल दिए जाएंगे।

# दीपावली के लिए दो दिन रहेगा सरकारी अवकाश, बदले में दूसरे शनिवार को खुलेंगे दफ्तर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इस बार दीपावली का त्यौहार दो दिन मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर और एक नवंबर को दीपावली मनाए जाने के कारण शासन ने दोनों दिन सरकारी अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि दीपावली के अवकाश के संबंध में मेल के जरिए रिवाइज्ड शासनादेश प्राप्त हुआ है। अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार की ओर से जारी किए गए शासनादेश में दो दिन सरकार अवकाश घोषित किया गया है।

### बदले में दूसरे शनिवार को खुलेंगे सरकारी दफ्तर

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि शासन से दो दिन का सरकारी का अवकाश घोषित करने के बदले नवंबर माह के दूसरे शनिवार (9 नवंबर) को कार्य दिवस होगा। यानि इस बार दूसरे शनिवार को सभी सरकारी दफ्तर सामान्य दिनों की तरह काम करेंगे। बता दें कि पूर्व में शासन से दीपावली का 31 अक्टूबर का घोषित किया गया था।

# इस बार दो दिन दीपावली मनाने पर मिलेगा माता लक्ष्मी का भरपूर आशीर्वाद : राजा भैया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राजा भैया ने कहा कि इस बार दीपावली को दो दिन मनाने का मौका मिल रहा है। दीपावली 31 की मनानी है या एक की इस बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। इंसान सारी उम्र धन के पीछे ही भागता रहता है और लक्ष्मी धन की देवी है। अगर हमने दो दिन दीपावली की पूजा कर भी ली तो इसमें हमारा कौन सा नुकसान है। लक्ष्मी मां की पूजा दो दिन करिए और दो दिन तक दीपावली मनाइए। बड़े खुशनसीब हैं हम इस कलयुग में हमें दो-दो बार दीपावली और लक्ष्मी माता की पूजा करने का विशेष अवसर मिल रहा है। 9 दिन नवरात्रि कर सकते हैं तो दो दिन दीपावली क्यों नहीं मना सकते।




इसमें शुभ-अशुभ जैसा कुछ भी नहीं। व्यर्थ की चिंता छोड़ो, अपने परिवार के साथ मिलकर दो दिन तक लक्ष्मी माता की खूब अर्चना-पूजा करिए। लक्ष्मी मां को खुश करिए ताकि सारी उम्र तक मां लक्ष्मी की अनुकंपा व आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे।

### अधेड महिला के साथ मारपीट की

**लोनी करंट क्राइम।** नाली में कूडा डालने का विरोध करने पर सास बहू ने पडोसी अधेड महिला के साथ मारपीट की। पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

अंकुर विहार थाने के सादुल्लाबाद गांव निवासी बिमला देवी का आरोप है कि सोमवार दोपहर उसके पडोस में रहने वाली कमलेश और उसकी पुत्रवधू संगीता ने नाली में कचरा डाल दिया था, उसने विरोध किया तो दोनो आग बबूला हो गईं तथा उसे ईंट डंडों से पीटकर चोटिल कर दिया। पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### चार छात्रों ने ताइक्वांडो में हासिल की ब्लैक-बेल्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साउथ कोरिया ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा ताइक्वांडो ग्रेडिंग बेल्ट टेस्ट का आयोजन छाया पब्लिक स्कूल वैशाली गाजियाबाद शाखा में कराया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अधिराज द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल स्वस्थ व प्रसन्न रहने का सबसे सीधा और सरल माध्यम है, इसके द्वारा हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी ने कहा कि ताइक्वांडो जहां खिलाड़ियों के अंदर खेल प्रतिस्पर्धा पैदा करती है दूसरी तरफ लड़कियों के अंदर सेल्फ डिफेंस का भी एक मजबूत स्किल प्रदान करती है।

# सिद्धार्थ विहार में बनेगा सेटेलाइट सेंटर, अधिकारी कर चुके हैं निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) का सेटेलाइट सेंटर खोलने के लिए अधिकारी सिद्धार्थ विहार का निरीक्षण कर चुके हैं, सूत्रों का कहना है कि यह लोकेशन भी अधिकारियों को पसंद आ रही है। आवास एवं विकास परिषद के अधिकारी भी चाहते हैं कि एम्स का सेंटर सिद्धार्थ विहार में खुले। इसके लिए जरूरी 12 एकड़ जमीन भी चिन्हित कर ली गई है।

### पहले वसुंधरा की थी तैयारी

शुरूआत में एम्स के सेटेलाइट सेंटर के लिए वसुंधरा के सेक्टर-आठ में जमीन उपलब्ध कराए जाने की बात चली थी। यहां भी आवास एवं विकास परिषद के पास जमीन उपलब्ध है, लेकिन आवास एवं विकास परिषद के अधिकारी चाहते हैं कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट सिद्धार्थ विहार योजना में




स्थापित होगा तो इसका बड़ा लाभ मिलेगा। यह योजना प्रोपर्टी बाजार में सुस्ती का शिकार है। परिषद के काफी फ्लैट यहां अभी भी अनावंटित हैं। एम्स का सेंटर खुलने से रातों प्रोपर्टी में बूम आ जाएगा। वसुंधरा योजना में पहले ही बूम की स्थिति है और योजना में परिषद की अधिकतर प्रोपर्टी बिक चुकी है।

### वेस्ट यूपी को मिलेगा सेंटर का लाभ

एम्स के सेटेलाइट सेंटर का लाभ पूरे वेस्ट यूपी को मिलेगा। गाजियाबाद में एम्स का सेंटर स्थापित होने से अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं और अनुभवी चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए दिल्ली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और साथ ही एम्स दिल्ली पर भी रोगियों का लोड कम हो सकेगा। अत्यधिक गंभीर रोगियों को सेटेलाइट सेंटर एम्स, दिल्ली भेजा जाएगा। सबसे बड़ा लाभ ओपीडी सेवाओं का मिलेगा।

### मुख्यमंत्री सितंबर में कर चुके हैं शिलान्यास

गाजियाबाद में एम्स के सेटेलाइट सेंटर का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सितंबर माह में घंटाघर रामलीला मैदान में कर चुके हैं। इस प्रोजेक्ट का गाजियाबाद को रोजगार के क्षेत्र में बड़ा सहयोग मिलेगा। सेंटर के आसपास तमाम रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

# देवर ने भाभी को चाकू पेचकश से ताबडतोड वार कर घायल किया

**लोनी करंट क्राइम।** पारीवारिक विवाद के चलते देवर ने भाभी को चाकू और पेचकश से ताबडतोड वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडिता को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां हालत स्थित बताई जा रही है। अंकुर विहार थाने की सादुल्लाबाद गांव निवासी हरिओम ने बताया कि 27 अक्टूबर को वह काम पर चला गया। दोपहर में उसे पत्नी मीनाक्षी ने कॉल कर बताया कि देवर गुडडु ने उसे चाकू और पेचकश से ताबड़तोड वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। वह घर पहुंचा और पत्नी को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। हरिओम ने बताया कि पारीवारिक विवाद के चलते उसके भाई ने पत्नी पर हमला किया है। उसके खिलाफ अंकुर विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### हापुड़ में बाइक के शोरूम में लगी आग

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में पिलखुवा कोतवाली इलाके के हाईवे-9 के किनारे बाइक शोरूम में आग लग जाने से दर्जन भर बाइक जलकर राख हो गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर दो घंटे में काबू पाया। शोरूम में आग लगने से उसे 10-12 लाख का नुकसान बताया जा रहा है।
किसान धर्म कांटा निवासी राजेंद्र सिंह तोमर का हाईवे-9 किनारे एलिवेटेड पिलर नंबर 143 के पास लक्ष्मी एजेंसी के नाम से बाइक शोरूम है। मंगलवार की देर रात को शोरूम में अज्ञात कारणों से आग लग गई।

# भारत-चीन सीमा समझौते को लेकर अमेरिका ने दी अहम प्रतिक्रिया, कहा- इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं

**वॉशिंगटन ।** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पर समझौता हो गया है, जिसके बाद दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट रही हैं। इसे लेकर अमेरिका ने कहा है कि वह भारत-चीन सीमा पर तनाव में किसी भी कमी का स्वागत करता है। अमेरिका ने कहा कि भारत ने इस संबंध में उन्हें जानकारी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दैनिक समाचार सम्मेलन के दौरान ये बात कही।



### 'भारत ने हमें जानकारी दे दी है'

मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'हम (भारत और चीन के बीच) घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों को वापस बुलाने के लिए शुरूआती कदम उठाए हैं। हम सीमा पर तनाव में किसी भी कमी का स्वागत करते हैं।' एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा कि अमेरिका ने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई है। मिलर ने कहा, 'हमने अपने भारतीय साझेदारों से बात की है और उन्होंने हमें इस बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन हमने इस प्रस्ताव में कोई भूमिका नहीं निभाई है।'

### चार साल के तनाव के बाद दोनों देशों में हुआ समझौता

गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच साल 2020 से सीमा विवाद चल रहा था। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तनाव था और दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर आमने-सामने तैनात थीं। हालांकि लंबी सैन्य और राजनयिक स्तर की बातचीत के बाद बीते दिनों दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर समझौता हो गया है, जिसके तहत दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट रही हैं। कई विवादित इलाकों जैसे देपसांग और डेमचोक से दोनों सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। दोनों देशों के बीच सीमा पर पेट्रोलिंग को लेकर भी बात हुई है और 2020 से पूर्व की स्थिति बहाल करने पर सहमति बनी है।

दोनों देशों के बीच सीमा समझौता ऐसे समय हुआ था।

> **मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'हम (भारत और चीन के बीच) घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों को वापस बुलाने के लिए शुरूआती कदम उठाए हैं। हम सीमा पर तनाव में किसी भी कमी का स्वागत करते हैं।' एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा कि अमेरिका ने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई है ।**

# कनाडा ने निज्जर मामले से जुड़ी जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की, ट्रूडो की सलाहकार ने स्वीकारा

**ओटावा ।** कनाडा की सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले की जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की थी। हैरानी की बात ये है कि कनाडा की सरकार को भी इसकी जानकारी थी और जो जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की गई, उसके बारे में कनाडा की जनता को भी नहीं बताया गया।



**निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के रिश्ते तनावपूर्ण हुए :** रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार ने पुष्टि की है कि निज्जर की हत्या से जुड़े मामले की जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की गई। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल कनाडा के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने इस हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया था। ट्रूडो के इस आरोप के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। बीते दिनों दोनों देशों के रिश्ते उस वक्त फिर तनावपूर्ण हो गए, जब कनाडा की पुलिस ने आरोप लगाया कि भारतीय एजेंट्स गैंगस्टर्स के साथ मिलकर कनाडा में लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसके बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

### क्या बोलीं कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

अब ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नताली ड्रुइन ने कनाडा की पब्लिक सेफ्टी कमेटी को निज्जर मामले की सूचना लीक करने पर सफाई देते हुए कहा कि जब तक सूचना गोपनीय न हो, तब तक उन्हें प्रधानमंत्री से इसकी इजाजत लेने की जरूरत नहीं है। नताली ने कहा कि अमेरिकी मीडिया को कोई गोपनीय जानकारी नहीं दी गई और इस जानकारी को देने का उद्देश्य सिर्फ अमेरिका के सामने कनाडा के पक्ष को रखना था और ये बताना था कि भारत उनकी संप्रभुत्ता का उल्लंघन कर रहा है।

कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पर गोपनीय सूचना लीक करने का आरोप लगा है। कनाडा के मीडिया में प्रकाशित एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है। हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया है ।

# चीन के खिलाफ खुद को मजबूत कर रहा ताइवान अमेरिका से खरीदेगा 1000 अटैक ड्रोन्स

**ताइपे ।** ताइवान ने चीन की धमकियों से परेशान होकर अपने आप को मजबूत बनाना शुरू कर दिया है। इसी के तहत ताइवान अमेरिका से 1000 अटैक ड्रोन्स खरीदेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइवान ये ड्रोन्स अमेरिकी फर्मों एरोविरोनमेंट और एंडुरिल इंडस्ट्रीज से खरीदेगा। सितंबर के अंत में ताइवान ने इस सौदे पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। हालांकि अभी कीमत, डिलीवरी शेड्यूल और अनुबंध को औपचारिक रूप देना बाकी है।



### अमेरिकी सरकार ने दी सौदे को मंजूरी


अमेरिका की सरकार ने जून महीने में ही करीब 36 करोड़ डॉलर में इस सौदे के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। वहीं ताइवान की विधायिका युआन ने भी 30 अगस्त को इस सौदे के लिए धन का आवंटन कर दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइवान को इन ड्रोन्स की डिलीवरी 2024 से 2026 के बीच हो सकती है। गौरतलब है कि इन ड्रोन्स के अलावा ताइवान की सेना ने अमेरिका ने 685 स्विचब्लेड 300 लोइटरिंग म्यूनिशन और 291 अछ्ळक्वर 600ट-श मानव रहित विमान (वअश) खरीदने का भी एलान किया था।

### ताइवान को लगातार मजबूत कर रहा अमेरिका

स्विचब्लेड 300 का वजन 2.5 किलोग्राम है, इसकी रेंज 15 किलोमीटर है और लोइटर का समय 15 मिनट है। ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस, इसे पोर्टेबल ट्यूब से लॉन्च किया जाता है, जिससे यह कम दूरी के ऑपरेशन के लिए प्रभावी हो जाता है। अछ्ळक्वर 600ट-श ड्रोन की रेंज 440 किलोमीटर है, यह चार घंटे तक उड़ सकता है और इसका वजन 27 किलोग्राम तक है। ताइवान न्यूज के अनुसार, टोही कार्यों के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें गोला-बारूद ले जाने की क्षमता भी है और इसे समुद्र, जमीन या हवा से तैनात किया जा सकता है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के अनुसार, पिछले हफ्ते, अमेरिकी विदेश विभाग ने तीन नेशनल एडवांस्ड जमीन से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम (ठअरअटर), 123 एडवांस्ड मीडियम-रेंज हवा से हवा में मार करने वाले मिसाइल-एक्सटेंडेड रेंज (अटफ्अअट-एफ) और दो रडार सिस्टम की संभावित बिक्री की घोषणा की।

# देश से लेकर दुनियाभर में दिवाली पर्व की धूम न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में पहली बार बंद रहेंगे स्कूल

**वॉशिंगटन ।** देश ही नहीं दुनियाभर में दिवाली की धूम हर तरफ दिधाई दे रही है। हाल ही में अमेरिका से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें यहां यहां की सबसे ऊंची इमारत 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता दिखा। यह दृश्य बेहद खास था, क्योंकि इस साल दिवाली न्यूयॉर्क के लिए ऐतिहासिक बन गई है।



### इस साल दिवाली खास'

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के अंतरराष्ट्रीय मामलों के डिप्टी कमिश्नर दिलीप चौहान ने बताया, 'इस साल दिवाली खास है। न्यूयॉर्क सिटी के इतिहास में पहली बार एक नवंबर को दिवाली के मौके पर स्कूल बंद रहेंगे।'

चौहान ने कहा, 'न्यूयॉर्क में जहां 11 लाख छात्र स्कूल में पढ़ रहे हैं, ऐसे में सार्वजनिक अवकाश घोषित करना आसान नहीं है। बहुत सारे सामुदायिक नेताओं ने कई साल पहले इस आंदोलन की शुरूआत की थी। आखिरकार, न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स के प्रशासन ने एलान किया की एक नवंबर को स्कूल में छुट्टी रहेगी।'

उन्होंने समुदाय के नेताओं और अधिकारियों की वर्षों की वकालत का हवाला देते हुए इस फैसले के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि दिवाली एक दिन का उत्सव नहीं है यह पांच दिनों का उत्सव है। कभी-कभी दिवाली के दिन प्रार्थना करनी होती है। मंदिर जाना होता है इसलिए अब छात्रों को स्कूल या उनके उत्सव में से एक को चुनना नहीं पड़ेगा।'

### दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए यह एक खास पल

'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता देखना दिवाली के बढ़ते महत्व को दशार्ता है, जो अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। अमेरिका में दिवाली को अब खुले तौर पर मनाया जा रहा है।

इस तरह के आयोजन विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि को अपनाने का संकेत हैं। खासतौर से दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए यह एक खास पल है, जो इस पर्व के जरिए अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अमेरिका में गर्व के साथ मना रहे हैं।

### भारतीय-अमेरिकियों संग अमेरिकी राष्ट्रपति ने मनाई दिवाली

वहीं, इससे पहले सोमवार (28 नवंबर) को व्हाइट हाउस में दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। व्हाइट हाउस में दिवाली के कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मेहमानों को संबोधित भी किया था। इस कार्यक्रम में 600 से ज्यादा प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने हिस्सा लिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय-अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा था, 'राष्ट्रपति के तौर पर मुझे व्हाइट हाउस में अब तक के सबसे बड़े दिवाली रिसेप्शन की मेजबानी करने का सम्मान मिला है। मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है।

# 'पूर्वी लद्दाख से भारत-चीन के सैनिक व्यवस्थित तरीके से हट रहे पीछे', चीनी विदेश मंत्रालय का दावा

**बीजिंग ।** भारत और चीन की तरफ से सीमा पर तनाव कम करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के एक हफ्ते के भीतर ही दोनों देशों की सेनाओं ने पीछे हटना शुरू कर दिया है। चीन ने बुधवार को कहा कि चीनी और भारतीय सेनाएं वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी से संबंधित प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से लागू कर रही हैं।



चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सैनिकों की वापसी की प्रगति के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन और भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर समाधान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, 'फिलहाल, चीनी और भारतीय सीमा पर तैनात सैनिक व्यवस्थित तरीके से प्रस्तावों को लागू कर रहे हैं।'

**पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत से निकला समाधान :** भारत और चीन के बीच हुए इस अहम समझौते के बाद दोनों देशों ने दो अक्तूबर को पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचौक में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू की थी।

पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से पूर्वी लद्दाक में एलएसी पर डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया का मतलब सैनिकों की वापसी से होता है। भारतीय सेना के अधिकारी देपसांग और डेमचौक में इस डिसइंगेजमेंट पर नजर रख रहे हैं।

इन सब के बीच डेमचौक में दोनों ही तरफ से अभी तक कई टेंट हटाए जा चुके हैं। हालांकि, ये प्रक्रिया अब पूरी कर ली गई है।

भारत-चीन के बीच क्या रहा है सीमा विवाद?

पूर्वी लद्दाख में सात ऐसे पॉइंट हैं, जहां चीन के साथ टकराव की स्थिति रहती है। ये हैं पेट्रोलिंग पॉइंट 14 यानी गलवान, 15 यानी हॉट स्प्रिंग, 17अ यानी गोगरा, पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण छोर, डेपसांग प्लेन और डेमचॉक में चारदिंग नाला हैं, जहां तनाव रहता है। अप्रैल 2020 में चीन ने एक सैन्य अभ्यास के बाद पूर्वी लद्दाख के 6 इलाकों में अतिक्रमण किया था। 2022 तक चार इलाकों से चीन की सेना पीछे हट गई।

# कोरोना महामारी के बाद सबसे ज्यादा जान ले रहा टीबी, डब्ल्यूएचओ ने जारी किया रिपोर्ट

**जिनेवा ।** कोरोना महामारी के बाद टीबी बीमारी से होने वाले मृत्यू को लेकर डब्ल्यूएचओ ने रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट में बीमारी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों में चुनौतियों पर जानकारी दी गई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, पिछले साल लगभग 82 लाख टीबी मरीजों का उपचार किया गया। 1995 में डब्ल्यूएचओ की ओर से वैश्विक टीबी निगरानी प्रक्रिया शुरू होने के बाद से दर्ज यह सबसे बड़ा आंकड़ा है।



इससे पहले 2022 में 75 लाख से अधिक टीबी मरीजों का इलाज किया गया था। इसका अर्थ है कि टीबी मरीजों के लिए उपयुक्त उपचार मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, आंकड़ों से पता चलता है कि तपेदिक उन्मूलन अभी भी दूर की कौड़ी है क्योंकि इस बीमारी के खिलाफ जंग में अभी भी तमाम चुनौतियां मौजूद हैं।

इसके साथ ही इस मामले में डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रियस ने कहा, रोकने, पता लगाने व इलाज के तमाम उपकरणों के होने के बावजूद टीबी अभी भी बहुत सारे लोगों को मार रहा है।

### 2023 में 12.5 लाख लोगों की टीबी से मौत

टीबी की बीमारी से 2022 में लाख और 13.2 लाख लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 12.5 लाख रहा। अनुमान के अनुसार, पिछले साल 1.8 करोड़ लोग टीबी की चपेट में आए। एजेंसी ने कहा कि 2027 तक टीबी उन्मूलन के निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए काफी प्रगति की जरूरत है।

# चीन ने सफतापूर्वक अपने अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन भेजा, इनमें पहली महिला इंजीनियर भी शामिल

**बीजिंग ।** चीन ने बुधवार को अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने के मिशन पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को सफलतापूर्वक भेजा। इनमें देश की पहली महिला अंतरिक्ष इंजीनियर भी शामिल हैं। चीन ने अपने 'शेनझोऊ-19' अंतरिक्ष यान को जियुक्वान अंतरिक्ष लॉन्च केंद्र से बुधवार तड़के लॉन्च किया। चीन ने शेनझोऊ-19 अंतरिक्ष यान को अपने लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजा।



### चीन ने बताया सफल रहा लॉन्च

अंतरिक्ष यान 'शेनझोऊ-19' प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद अपने रॉकेट से अलग हो गया और उसने अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने घोषणा की कि चालक दल के सदस्य अच्छी स्थिति में हैं और यह प्रक्षेपण पूरी तरह कामयाब रहा।

गौरतलब है कि चीन को इस आशंका से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया था कि उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम उसकी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा संचालित किया जाता है। इसके बाद उसने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाया था।

अभी चीन इकलौता देश है जिसके पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन है। इस महीने की शुरूआत में चीन ने चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने समेत अंतरिक्ष कार्यक्रमों के विकास की अपनी योजनाओं की घोषणा की थी। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के अलावा कई अंतरिक्ष मिशन भी भेजे हैं जिनमें पहली बार चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्रित करना और उन्हें वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए पृथ्वी पर वापस लाने का चंद्र मिशन भी शामिल है। 'शेनझोऊ-19' के चालक दल में मिशन कमांडर काई शुझे और अंतरिक्ष यात्री सॉन्ग लिंगडोंग और वांग होज शामिल हैं।

वांग अभी चीन की इकलौती महिला अंतरिक्ष इंजीनियर और अंतरिक्ष में जाने वाली चीन की तीसरी महिला हैं।

# ट्रंप मानसिक तौर पर अस्थिर और बदला लेने के लिए उतावले', कमला हैरिस ने जनता से की भावुक अपील

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के मतदान में अब एक हफ्ते से भी कम समय बचा हुआ है। ऐसे में दोनों ही राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। कमला हैरिस ने अपने ताजा बयान में डोनाल्ड ट्रंप को मानसिक रूप से अस्थिर बता दिया है और कहा है कि वह बदला लेने के प्रति जुनूनी हैं। कमला हैरिस ने अमेरिकी जनता को चेताते हुए ट्रंप की अराजकता और विभाजनकारी नीति को नकारने की अपील की। कमला हैरिस ने देशवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे इस चुनाव को एक जंग की तरह देखें।



### 'डोनाल्ड ट्रंप ने बना रखी है एक दुश्मन सूची'

कमला हैरिस ने वॉशिंगटन डीसी में एक रैली के दौरान कहा कि डोनाल्ड ट्रंप उनसे असहमत अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ यूएसए की सेना का इस्तेमाल करने का इरादा रखते हैं। उन्हें वो देश के भीतर के दुश्मन कहते हैं। वे ऐसे राष्ट्रपति नहीं हैं, जो आपके जीवन के बेहतर बनाने के बारे में सोच भी रहे हैं। कमला हैरिस ने कहा कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अस्थिर हैं और बदला लेने के लिए जुनूनी हैं। वह सत्ता पाने के लिए तरस रहे हैं। कमला हैरिस ने 5 नवंबर को होने वाले चुनाव को आजादी और अराजकता, विभाजन के बीच का चुनाव करार दिया।

कमला हैरिस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के पास उन लोगों की एक सूची है जिन पर वे मुकदमा चलाना चाहते हैं। उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक उन हिंसक चरमपंथियों को मुक्त करना है जिन्होंने 6 जनवरी को कैपिटल हिल में हिंसा की थी। हैरिस ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब हम उंगलियां उठाना बंद करें और हाथ मिलाना शुरू करें।

कमला हैरिस ने कहा कि वह अमेरिका ने नए नेतृत्व की शुरूआत करेंगी। राष्ट्रपति के रूप में वे मेडिकेयर का विस्तार करके उसमें घरेलू स्वास्थ्य सेवा को भी कवर करेंगी। महिलाओं को प्रजनन के अधिकार का समर्थन करेंगी। साथ ही ताकतवर लोगों को जवाबदेय ठहराया जाएगा।

कमला हैरिस ने कहा कि 'जिन लोगों को देखा या सुना नहीं जाता, मैं उनकी आवाज बनने की कोशिश करूंगी।' कमला हैरिस ने कहा कि राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वह सभी अमेरिकियों के लिए काम करेंगी। कमला हैरिस ने कहा कि उनका राष्ट्रपति कार्यकाल अलग होगा क्योंकि उनकी चुनौतियां भी अलग हैं।

> **कमला हैरिस ने बताया बतौर राष्ट्रपति क्या करेंगी**
>
> कमला हैरिस ने कहा कि वह अमेरिका ने नए नेतृत्व की शुरूआत करेंगी। राष्ट्रपति के रूप में वे मेडिकेयर का विस्तार करके उसमें घरेलू स्वास्थ्य सेवा को भी कवर करेंगी। महिलाओं को प्रजनन के अधिकार का समर्थन करेंगी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के आवास पर मना दीपावली मिलन समारोह





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के राजनगर स्थित आवास पर दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। राजनीति पत्रकारिता तथा समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर जनरल वीके सिंह को बधाई शुभकामनाए दी। इस अवसर पर जनरल वीके सिंह की पत्नी भारती सिंह तथा उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## इस दीवाली सब मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाएं : डॉ. पी.एन. अरोड़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस दीवाली सब मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने का संकल्प लें। दीवाली का पर्व केवल रोशनी और उत्सव का नहीं, बल्कि यह हमारे चारों ओर के प्राकृतिक वातावरण की रक्षा और संरक्षण का भी है। इस बार हम पटाखों के स्थान पर ऐसे उपाय अपनाएं जो न केवल हमारे जीवन को रोशन करें, बल्कि हमारे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखें। पटाखों से निकलने वाला धुआं, ध्वनि प्रदूषण और हानिकारक रसायन हमारे स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इसलिए इस दीवाली पर हम सभी मिलकर ग्रीन विकल्प चुनें। मिट्टी के दीये जलाएं, रंगोली बनाएं और घर को प्राकृतिक सजावट से सजाएं।

हम सबको मिलकर पौधरोपण करना चाहिए। पेड़ न केवल हमारे वातावरण को शुद्ध करते हैं, हर एक पेड़, जो हम लगाते हैं, हमारे भविष्य के लिए एक उपहार है। जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करेगा। आपका जीवन सुख, समृद्धि और हरियाली से भरा रहे। इस दीवाली पर, हम सब मिलकर एक ऐसा त्योहार मनाएं जो हमारी धरती के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाए।। आपको और आपके परिवार को एक सुरक्षित, सुखद दीवाली की हार्दिक शुभकामनाएं!

## संजीव शर्मा ने प्रताप विहार में किया सपरिवार गृह प्रवेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाकर तथा विरोधी दलों द्वारा की जाने वाली बॉल पर छक्का जड़ने का काम किया है। संजीव शर्मा ने प्रताप विहार सैक्टर 12 में स्थाई निवास के उद्देश्य से सपरिवार गृह प्रवेश किया। दीपावली के शुभ अवसर पर पूजन विधि विधान से गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के गणमान्यों ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को बधाई दी। साथ ही साथ पार्टी व स्थानीय लोगों ने उन्हें ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई दे डाली।

## भाजपा नेता अनमोल खन्ना ने निगम कर्मचारियों को बांटे दीपावली उपहार

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता अनमोल खन्ना ने वार्ड 94 के सफाईकर्मियों और स्थानीय नागरिकों में दीपावली का उपहार देकर खुशियों को साझा किया। अनमोल खन्ना ने उपस्थित लोगों से कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जब रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे तो उनका दीप जलाकर स्वागत किया गया था। यह पर्व हमें असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। खुशियां बांटने से ही बढ़ती हैं।




## अस्थल बोहर मठ ने महंत बाबा बालक नाथ योगी को दी दीपोत्सव की शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली के पावन अवसर पर अलवर के पूर्व सांसद, विधायक तिजारा व मठाधीश अस्थल बोहर मठ, रोहतक, हरियाणा पूज्य महंत बाबा बालक नाथ योगी को बधाई दी व शिष्टाचार मुलाकात की और पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया एवं हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनवाने में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए उनका स्वागत किया तथा पूज्य महंत बाबा बालक नाथ योगी ने भी मिठाई खिलाकर युवा भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री (राष्ट्रीय व्यापार मंडल) सौरभ यादव व वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय व जितेंद्र त्यागी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नई दिल्ली में बुधवार को नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं लोकसभा में सांसद अतुल गर्ग के साथी मनोज तिवारी की शिष्टाचार भेंट हुई। इस सुअवसर पर मनोज तिवारी द्वारा रंगीन पटका पहनाकर एवं ताकत और आत्म संप्रभुता का चिह्न गदा देकर सांसद अतुल गर्ग को सम्मानित किया गया।

## महेश कुमार आहूजा ने सनातनी बंधुओं के साथ दीपावली का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व कार्यक्रमानुसार बुधवार को इटवा इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एवं इस प्रतिष्ठित व्यापारिक/उद्यमी संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन महेश कुमार आहूजा के संरक्षण में आज दीपावली का महापर्व सनातनी बंधुओं के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी घुमंतू भुगलिए परिवारों को पारंपरिक मिठाई एवं उपयोगी बर्तन का वितरण किया गया और साथ में मां लक्ष्मी गणेशजी का पोस्टर दीपावली पूजन हेतु ससम्मान दिया गया। अब समय आ गया है कि इन सनातनियों का हम सब अपने-अपने स्तर से सहयोग करें और सरकार इनके रहने के लिए आवास का प्रबंध करे। हम सब व्यापारी/उद्यमी इनके हर दुख-सुख में साथ हैं और उत्तरप्रदेश सरकार से इनके लिए आवास के प्रबंधन की मांग करते हैं। इस सुअवसर पर श्री महेश कुमार आहूजा राष्ट्रीय, चेयरमैन; डॉक्टर एस पी त्यागी, राष्ट्रीय अध्यक्ष; चौधरी नेपाल सिंह, वरिष्ठ उद्यमी; शिव कुमार तिवारी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी; अनिल अरोरा, महानगर अध्यक्ष; सक्षम कपूर, उद्यमी; निशांत चौधरी व्यवसायी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र यादव को दीपावली की शुभकामनाएं देते सुरजीत सिंह एवं देवेन्द्र सिंह छाबड़ा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हातम सिंह नागर को पौत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की पत्नी भारती सिंह बुधवार को हातम सिंह नागर के घर पहुंची। उन्होंने पौत्र कार्तिकेय को आशीर्वाद शुभाशीष दिया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।